देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 19 अंक: 158 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार–प्रवाह...
जमाराशि चार गुना



# पेज थ्री

देहरादून, गुरूवार, 26 सितंबर 2024



मौसम अधिकतम 27.0° न्यूनतम 23.0°

79924.77

2 हैरिस ने बनाई 38 अंकों की बढ़त

7 कानपुर टेस्ट में मचाएंगे गदर अश्विन

# 700 किसानों की मौत से भी मन नहीं भरा

## कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भाजपा सांसद कंगना रनौत पर बोला करारा हमला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भाजपा सांसद कंगना रनौत ने तीन कृषि कानूनों को वापस लेने की बात कही थी, जिसे लेकर विवाद तेज हो गया है। कंगना रनौत ने इस मामले में माफी मांग ली थी और कहा था कि मुझे अपने इस बयान पर खेद रहेगा। इस बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी उन्हें घेरा है। यही नहीं उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी पर सीधा हमला बोलते हुए जवाब मांगा है। उन्होंने बुधवार को कहा कि 700 किसानों की जान जाने के बाद भी भाजपा का मन नहीं भरा है। राहुल गांधी ने कहा कि इस मामले में पीएम नरेंद्र मोदी को स्पष्टीकरण देना चाहिए।

राहुल गांधी ने कहा, सरकार की नीति कौन तय कर रहा है? एक भाजपा सांसद या प्रधानमंत्री मोदी? 700 से ज्यादा किसानों, खास कर हरियाणा और पंजाब के किसानों की शहादत ले कर भी भाजपा वालों का मन नहीं भरा। इंडिया अलायंस हमारे अन्नदाताओं के विरुद्ध भाजपा का कोई भी षड्यंत्र कामयाब नहीं होने देगा। अगर किसानों को नुकसान पहुंचाने के लिए कोई भी कदम उठाया जाएगा तो मोदी जी को फिर से माफी मांगनी पड़ेगी।

हालाकि विवाद बढ़ने के बाद भाजपा सांसद कंगना रनौत ने हालांकि 2021 में निरस्त किये गये कृषि कानूनों को वापस लाने की मांग संबंधी अपना बयान बुधवार को वापस ले लिया और कहा कि ये उनके 'निजी' विचार हैं और पार्टी के रूख को प्रदर्शित नहीं करते हैं। गांधी ने एक वीडियो में कहा, 'भाजपा के लोग विचारों को लेकर जांच–परख करते रहते हैं। वे किसी से कहते हैं कि सार्वजनिक रूप से विचार रखिए और फिर देखते हैं कि प्रतिक्रिया क्या होती है। यही हुआ है। इनके एक सांसद ने काले कृषि कानूनों को फिर से लाने की बात की है।'

उन्होंने कहा, 'मोदी जी स्पष्ट कीजिए कि क्या आप उन कानूनों को फिर से लाना चाहते हैं।

कांग्रेस ने बुधवार को भाजपा सांसद कंगना रनौत की तीन कृषि कानूनों को वापस लाने की मांग वाली टिप्पणी को लेकर भाजपा पर हमला तेज कर दिया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी भाजपा की आलोचना की।

### भाजपा ने पल्ला झाड़ा

मामला तूल पकड़ने पर बीजेपी ने कंगना के बयान से किनारा कर लिया है। पार्टी प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा, ‘सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भाजपा सांसद कंगना रनौत का केंद्र सरकार द्वारा वापस लिए गए कृषि बिलों पर दिया गया बयान वायरल हो रहा है। मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि यह बयान उनका निजी बयान है। कंगना रनौत भाजपा की ओर से ऐसा बयान देने के लिए अधिकृत नहीं हैं। यह कृषि बिलों पर भाजपा के दृष्टिकोण को नहीं दर्शाता है।



### आप फिर से 'बदमाशी' तो नहीं करेंगे: राहुल गांधी

आप फिर से 'बदमाशी' तो नहीं करेंगे?' उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने शहीद किसानों के लिए संसद में दो मिनट का मौन भी नहीं रखने दिया था। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'सरकार की नीति कौन तय कर रहा है? एक भाजपा सांसद या प्रधानमंत्री मोदी? सात सौ से ज्यादा किसानों, खासकर हरियाणा और पंजाब के किसानों की शहादत लेकर भी भाजपा वालों का मन नहीं भरा।'

### कंगना रनौत के बयान बीजेपी के लिए बन रहे सिरदर्द

कंगना रनौत ने कहा था, 'किसान भारत की प्रगति के शक्तिस्तंभ हैं। केवल चंद राज्यों में ही उन्होंने कृषि कानूनों का विरोध किया। मैं हाथ जोड़कर अपील करती हूं कि किसानों के हित में इन कृषि कानूनों को वापस लाया जाए।' कृषि कानूनों को लेकर कंगना रनौत ने पहले कहा कि मुझे पता है कि विवाद होगा, लेकिन मुझे लगता है कि निरस्त किए गए तीन कृषि कानूनों को वापस लाया जाना चाहिए। किसानों को भी इसकी मांग करनी चाहिए। हालांकि, विवाद बढ़ने पर कंगना ने खेत जताते हुए अपने शब्दों को वापस ले लिया। कंगना के बयान से बीजेपी को हरियाणा विधानसभा चुनाव में नुकसान होने की संभावना जताई जा रही थी।

## संक्षिप्त समाचार

### कर्नाटक सीएम सिद्दरमैया को बड़ा झटका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

बेंगलुरू। हाईकोर्ट के बाद कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरमैया को बुधवार को एमपीध्एमएलए कोर्ट से भी बड़ा झटका लगा है। विशेष अदालत ने मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण घोटाला में सीएम सिद्दरमैया के खिलाफ लोकायुक्त जांच की मंजूरी दी है। न्यायाधीश संतोष गजानन भट ने मामले की जांच मैसूर जिले के लोकायुक्त अधीक्षक को सौंपी है। उन्हें तीन महीने यानी 24 दिसंबर को अपनी रिपोर्ट सौंपनी होगी। जांच अधिकारी के पास सीएम से पूछताछ करने और गिरफ्तार करने का भी अधिकार होगा।

### दिल्ली की सीएम बनते ही आतिशी का श्रमिकों को तोहफा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। मुख्यमंत्री आतिशी ने बुधवार को असंगठित क्षेत्र के अकुशल श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन 18,066 रुपये, अर्ध–कुशल के लिए 19,929 रुपये और कुशल श्रमिकों के लिए 21,917 रुपये की घोषणा की।

# जम्मू–कश्मीर इतिहास रचने जा रहा: मुख्य चुनाव आयुक्त

## दूसरे चरण का मतदान संपन्न, रियासी और पुंछ में सबसे ज्यादा वोटिंग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। जम्मू–कश्मीर विधानसभा चुनाव संपन्न हो चुका है। दूसरे चरण की वोटिंग के लिए 26 सीटों पर 239 उम्मीदवारों का भाग्य ईवीएम में कैद हो गया है। चुनावी रण में कई दिग्गज नेताओं ने भी ताल ठोंकी। इनमें नेकां के उपाध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, जेकेपीसीसी अध्यक्ष तारिक हामिद कर्रा और भाजपा जम्मू–कश्मीर प्रमुख प्रमुख रविंदर रैना शामिल थे। प्रदेश में इस बार बंपर वोटिंग हुई। शाम पांच बजे तक केंद्रशासित प्रदेश में 54 फीसदी वोटिंग हुई। सबसे ज्यादा मतदान रियासी और पुंछ जिलों में हुई है।

बता दें कि दूसरे चरण के लिए 3502 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। इस चरण में करीब 25 लाख से अधिक मतदाताओं वोट देने के लिए योग्य थे।

जम्मू–कश्मीर में शाम छह बजे तक 54.11 फीसदी मतदान हुआ है। बडगाम में 58.97 प्रतिशत, गांदरबाल में 58.71 प्रतिशत, पुंछ में 71.59 प्रतिशत, राजौरी में 68. 22 प्रतिशत, रियासी में 71.81 प्रतिशत, श्रीनगर में 27.37 प्रतिशत मतदान हुआ है। जम्मू–कश्मीर में शाम 05:00 बजे तक लगभग 54. 00 फीसदी मतदान दर्ज किया गया, जिसमें से श्रीनगर जिले में 27.31:, बडगाम जिले में 58.97:, गंदेरबल जिले में 58.81 फीसदी, पुंछ जिले में 71.59 फीसदी, राजौरी जिले में 67.77 फीसदी और रियासी जिले में 71.81 फीसदी मतदान हुआ।

वहीं मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा ने कहा कि लोग बड़ी संख्या में मतदान करने के लिए निकल रहे हैं। यह चुनाव इतिहास बनाने जा रहा है। हमें बहुत खुशी है कि पूरी घाटी और जम्मू में उत्साह के साथ मतदान हो रहा है।

### विदेशी प्रतिनिधिमंडल ने पिंक बूथ का किया दौरा

जम्मू–कश्मीर विधानसभा चुनाव देखने आए विदेशी प्रतिनिधिमंडल ने ओमपोरा (बडगाम) में मतदान केंद्रों का दौरा किया, इसके बाद लाल चौक निर्वाचन क्षेत्र के अमीरा कदल और एसपी कॉलेज, चिनार बाग में गए। एसपी कॉलेज में, प्रतिनिधियों को एक विशेष गुलाबी मतदान केंद्र का दौरा करने का मौका मिला, जिसका प्रबंधन पूरी तरह से महिलाओं द्वारा किया जाता है।

# अब हिजबुल्ला ने किया काउंटर अटैक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

बेरूत। इजरायल ने बुधवार को लेबनान पर कई हवाई हमले किए, जिसके बाद हिजबुल्ला के आतंकवादियों ने भी इजरायल की मोसाद जासूसी एजेंसी के मुख्यालय को निशाना बनाया। हिजबुल्ला ने उत्तरी इजरायल में रॉकेट दागे। दोनों दुश्मनों के बीच यह अब तक की सबसे बड़ी जंग बन गई है।

इजरायली सेना ने कहा कि लेबनान से आने वाली मिसाइल को वायु रक्षा प्रणालियों द्वारा रोक दिया गया है। इजरायली सैन्य प्रवक्ता नदाव शोशानी ने कहा कि वह इस बात की पुष्टि नहीं कर सकते कि लेबनान के एक गांव से मिसाइल दागने के समय हिजबुल्ला का लक्ष्य क्या था। मिसाइल तेल अवीव की ओर जा रही थी। मोसाद मुख्यालय उस क्षेत्र में नहीं है।

वहीं, ईरान समर्थित हिजबुल्ला ने कहा कि उसने बुधवार की सुबह तेल अवीव में मोसाद मुख्यालय को निशाना बनाकर मिसाइल दागी थी। हम लेबनान और उसके लोगों की रक्षा करने के लिए लड़ रहे हैं। हिजबुल्ला ने मंगलवार को अपने दो प्रमुख कमांडर की मौत के लिए मोसाद को दोषी ठहराया।

### पलटवार

■मोसाद के हेडक्वार्टर पर दागी मिसाइलें, बजने लगे सायरन

### लेबनान में इजरायली हमले जारी

इजरायली सेना पिछले एक साल से हिजबुल्ला के कमांडरों और लेबनान के अंदर जहां उनके हथियार रखे हैं, उन्हें निशाना बना रही है। वहीं, हिजबुल्ला भी इजरायल पर लगातार रॉकेटों की बौछार कर रहा है। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि बुधवार को ईसाई बहुल केसरवान क्षेत्र में इजरायली हमले में तीन लोग मारे गए और नौ अन्य घायल हो गए।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# मुझे भी नहीं पता कब तक रहूंगी सीएम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

■पाकिस्तान के राजनीतिक हालात पर मरियम नवाज का बयान

लाहौर। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने बुधवार को देश में राजनीतिक अराजकता को लेकर चिंता जताई। साथ ही कहा कि उन्हें भी नहीं पता कि वह कब तक मुख्यमंत्री रहेंगी।

फैसलाबाद में एक समारोह को संबोधित करते हुए पाकिस्तान मुस्लिम लीग–नवाज अध्यक्ष नवाज शरीफ की बेटी ने कहा कि विभिन्न देशों के राजदूत भी पाकिस्तान में राजनीतिक अराजकता पर गंभीर चिंता जता रहे हैं। उन्होंने कहा कि बुधवार को एक विदेशी राजदूत ने उनके पिता और उनसे मुलाकात की। वह राजनीतिक अराजकता को लेकर काफी गंभीर दिखे। इस दौरान नवाज शरीफ ने उन्हें बताया कि पाकिस्तान में राजनीतिक उथल–पुथल नई बात नहीं है। बुधवार को एक देश के राजदूत ने पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ और मुझसे मुलाकात की और पाकिस्तान में राजनीतिक अराजकता के बारे में जानकारी हासिल की।

गौरतलब है कि पूर्व पीएम इमरान खान की सरकार जाने के बाद से ही देश में राजनीतिक उथल–पुथल की स्थिति बनी हुई है।

## न्यूज डायरी



### डोनाल्ड ट्रंप को बड़ा झटका, कमला हैरिस ने बनाई 38 अंकों की बढ़त

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। एशियाई–अमेरिकी मतदाताओं में डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति की उम्मीदवार कमला हैरिस की लोकप्रियता काफी तेजी बढ़ रही है। एक सर्वे के मुताबिक हैरिस ने अपने प्रतिद्वंद्वी रिपब्लिकन उम्मीदवार ट्रंप से 38 अंकों की बढ़त बना ली है। कमला हैरिस के राष्ट्रपति उम्मीदवार बनने के बाद यह पहला सर्वेक्षण है। कमला हैरिस ने राष्ट्रपति बाइडन के मुकाबले भी 23 अंकों की बढ़त बनाई है। एनओआरसी ने यह सर्वे शिकागो विश्वविद्यालय में किया। 66 फीसदी एशियाई–अमेरिकी मतदाता हैरिस के पक्ष में हैं। वहीं 28 फीसदी ने ट्रंप के समर्थन की बात कही है। छह फीसदी मतदाता अभी तटस्थ हैं। इससे पहले अप्रैल और मई महीने में एएवीएस आयोजित किया गया था। इसमें 46 प्रतिशत ने राष्ट्रपति बाइडन और 31 प्रतिशत ने डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन किया था। सर्वे के मुताबिक 66 फीसदी एशियाई–अमेरिकी मतदाताओं की राय हैरिस को लेकर अनुकूल है। वहीं 35 फीसदी उनके खिलाफ सोच रखते हैं। हालांकि यह आंकड़ा 2024 एएवीएस से ज्यादा है। 2024 एएवीएस में 44 फीसदी लोग हैरिस के पक्ष में थे। इससे यह पता लगता है कि एशियाई–अमेरिकी मतदाताओं के बीच कमला हैरिस की लोकप्रियता 22 फीसदी बढ़ी है।

### डोनाल्ड ट्रंप को मरवाना चाहता है ईरान, दुनिया के सामने आया खतरनाक प्लान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। ईरान चुनाव से पहले अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हत्या करवाना चाहता है। ट्रंप की हत्या के सहारे अमेरिका में अराजकता फैलाने का प्लान ईरान ने रचा है। इससे जुड़ी जानकारी अमेरिका की खुफिया एजेंसियों ने राष्ट्रपति चुनाव के रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप से साझा की। खुफिया एजेंसियों ने ट्रंप को बताया कि वास्तव में आपकी जान को खतरा है। अमेरिकी खुफिया एजेंसियां ट्रंप की सुरक्षा के प्रति अलर्ट हो गई हैं। 5 नवंबर को अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव है। चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप का मुकाबला डेमोक्रेटिक पार्टी की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस से है। ट्रंप के अभियान संचार निदेशक स्टीवन चेउंग ने कहा, ष्डोनाल्ड ट्रंप को राष्ट्रीय खुफिया निदेशक के कार्यालय ने आगाह किया कि आपकी जान को खतरा है। ईरान इसकी साजिश रच रहा है। उसका मकसद इस हत्या से अमेरिका में अराजकता और अस्थिरता पैदा करने का है। अमेरिका की सभी एजेंसियां डोनाल्ड ट्रंप की सुरक्षा को सुनिश्चित करने में जुटी हैं ताकि राष्ट्रपति चुनाव बिना हस्तक्षेप के संपन्न हो सके। स्टीवन चेउंग ने कहा कि ईरान में आतंकवादी शासन है और इस शासन को कमला हैरिस की कमजोरी पसंद है। तेहरान डोनाल्ड ट्रंप की ताकत से भयभीत है।

### लेबनान में घुसा इजरायल तो चुकानी होगी भारी कीमत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तेल अवीव। गाजा में लगभग एक साल तक हमास के साथ लड़ने के बाद अब इजरायल ने लेबनान में हिजबुल्लाह के साथ नया मोर्चा खोल दिया है। लेबनान में पेजर विस्फोट के बाद अब इजरायल ने बेरूत में हिजबुल्लाह के गढ़ पर बमबारी शुरू कर दी है, जिसमें 500 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। इस बीच खबर आ रही है कि हवाई हमले के बाद अब इजरायल लेबनान में जमीनी अभियान शुरू करने की तैयारी कर रहा है। लेकिन इस बीच यह महत्वपूर्ण सवाल है कि क्या इजरायल इस समय दूसरा मोर्चा संभाल सकता है? लेबनान में इजरायल का सामना हिजबुल्लाह से है जो ईरान का सबसे ताकतवर प्रॉक्सी है। हिजबुल्लाह की ताकत को समझने से पहले ये ध्यान देना जरूरी है कि हमास के खिलाफ करीब एक साल से जारी लड़ाई ने इजरायली सेना पर बहुत दबाव डाला है। सैनिकों को बहुत कम आराम मिल रहा है। इजरायली अधिकारी सैनिकों की कमी का हवाला दे रहे हैं। अर्थव्यवस्था पर भारी दबाव है और युद्ध विराम और बंधक समझौते के लिए जनता का दबाव बढ़ रहा है। हमास के इजरायल पर घातक अगले के अगले दिन से ही हिजबुल्लाह और इजरायली सेना के बीच बॉर्डर गोलीबारी हो रही है। योल गुजांस्की तेल अवीव स्थित राष्ट्रीय सुरक्षा अध्ययन संस्थान में वरिष्ठ शोधकर्ता हैं। वे तीन प्रधानमंत्रियों के अधीन इजरायल की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद में काम कर चुके हैं। उन्होंने सीएनएन से कहा, हिजबुल्लाह देश के अंदर एक अलग देश है।

# लेबनान में जारी है इजरायल का तांडव

**कहर**

## 26 एयर स्ट्राइक में 25 लोगों को माराय जवाब में हिजबुल्लाह ने दागे 300 रॉकेट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

बेरूत। लेबनान पर इजरायल के हमले तीसरे दिन भी जारी हैं। इजरायली सेना ने दक्षिणी और पूर्वी लेबनान के गांवों व कस्बों को निशाना बनाया। 26 इजरायली हवाई हमलों में 25 लोगों की जान गई और छह अन्य घायल हैं। मृतकों में 10 सीरियाई और 15 लेबनानी नागरिक शामिल हैं। इससे पहले सोमवार को इजरायली हमलों में 558 लोगों की मौत हुई थी। इजरायली लड़ाकू विमानों की गर्जना से दक्षिणी लेबनान के गांवों में खौफ का माहौल है।

इजरायली लड़ाकू विमानों ने सुबह लेबनान के नमाइरीयेह गांव में कई घरों पर हवा से सतह पर मार करने वाली 4 मिसाइलों से हमला बोला। इसके अलावा इजरायल ने लड़ाकू विमानों व ड्रोनों से दक्षिणी लेबनान के गांव–कस्बों में 15 ठिकानों पर बड़ा हमला किया। वहीं पूर्वी लेबनान में 11 हवाई हमलों से तबाही मचा दी।



उधर, इजरायल की राजधानी तेल अवीव और पूरे मध्य इजरायल में हिजबुल्लाह के हमलों की वजह से सायरन बजाने पड़े। हिजबुल्लाह ने इजरायल पर 18 हमलों का दावा किया। वहीं इजरायली सेना का कहना है कि लगभग 300 रॉकेट दागे गए हैं। मगर इन हमलों को विफल कर दिया गया है।

हिजबुल्लाह के संचार संपर्क विभाग ने दावा किया कि इजरायल बेक्का घाटी में बारकोड वाले पर्चे गिरा रहा है। हिजबुल्लाह ने लोगों को बारकोड स्कैन न करने की सलाह दी। संगठन ने कहा कि इन खतरनाक बारकोड को तुरंत नष्ट कर दें। इनके माध्यम से जासूसी हो सकती है और सुरक्षा भी खतरे में पड़ सकती है।

इजरायल ने लेबनान पर हवाई हमला किया है, जिसमें 25 लोगों की मौत हो गई और 6 घायल हो गए। लेबनान के सैन्य और चिकित्सा सूत्रों के अनुसार, इजरायली ने दक्षिणी लेबनान में घरों को निशाना बनाया है। समाचार एजेंसी के अनुसार, हवाई हमले में मरने वालों में 15 लेबनानी नागरिक थे, जबकि अन्य 10 सीरियाई थे। सैन्य सूत्रों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया है कि सुबह के समय नमैरियेह गांव के मध्य में स्थित कई घरों पर इजरायल ने चार मिसाइलें दागीं हैं।

हवाई हमले के बाद, लेबनान रेड क्रॉस और नागरिक सुरक्षा टीमों ने घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पतालों में भर्ती कराया है। सूत्रों ने बताया है कि घटना स्थल से बुलडोजरों और क्रेनों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन किया गया। जिन का अधिकांश समय ध्वस्त मकानों का मलबा हटाने में लगा। इस दौरान मलबों से शवों को निकाला गया। जिनमें से अधिकांश क्षत–विक्षत अवस्था में थे।

## श्रीलंका के नए राष्ट्रपति ने भंग की संसद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज** कोलंबो। श्रीलंका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने बुधवार को देश की संसद को भंग कर दिया है। यह आदेश आज आधी रात से लागू होगा। उन्होंने 14 नवंबर को चुनाव कराने का एलान भी किया है।

संसद का कार्यकाल अगस्त 2025 तक था। मगर इसे 11 महीने पहले ही भंग करने का फैसला किया गया, क्योंकि अनुरा दिसानायके ने अपने चुनाव प्रचार के दौरान 45 दिनों के भीतर संसद भंग करने का वादा किया था। राष्ट्रपति दिसानायके ने कहा कि अगली संसद 21 नवंबर को बुलाई जाएगी। श्रीलंका की संसद में कुल 225 सीटें हैं। मगर गौर करने की बात यह है कि अनुरा कुमारा दिसानायके के गठबंधन नेशनल पीपुल्स पार्टी के सिर्फ तीन ही सांसद हैं।अनुरा कुमारा को अपनी नीतियों को लागू करने के लिए संसद में बहुमत होना जरूरी है। इसी कारण से उन्होंने संसद को भंग करने का निर्णय लिया। बता दें कि भारत की तरह ही श्रीलंका में भी संसदीय चुनाव हर पांच साल में होते हैं। आखिरी बार चुनाव 2020 में संपन्न हुए थे।

राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने हरिनी अमरसूर्या को देश का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया है।



## मेलोनी को डेट कर रहे मस्क? वायरल तस्वीर से इंटरनेट पर तहलका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी और अमेरिकी उद्योगपति एलन मस्क की एक फोटो ने इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है। इसी के साथ सोशल मीडिया पर कयासों का बाजार भी गर्म हो गया है। लोग अनुमान लगा रहे हैं कि एलन मस्क और मेलोनी एक–दूसरे को डेट कर रहे हैं। दरअसल, वायरल तस्वीर न्यूयॉर्क में आयोजित एक पुरस्कार समारोह की है। न्यूयॉर्क में आयोजित समारोह में एलन मस्क ने जॉर्जिया मेलोनी को अटलांटिक काउंसिल ग्लोबल सिटीजन अवार्ड से नवाजा। इस दौरान कई सोशल मीडिया यूजर्स ने एक–दूसरे को डेट करने की अटकलें लगाना शुरू कर दिया। टेस्ला के एक फैन क्लब ने भी मस्क और मेलोनी की तस्वीर साझा की और पूछा क्या लगता है कि दोनों एक–दूसरे को डेट करेंगे? इसका जवाब खुद एलन मस्क ने दिया। उन्होंने कहा कि हम डेट नहीं कर रहे हैं।

# चीन के साथ सब कुछ ठीक नहीं हैः एस जयशंकर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

न्यूयॉर्क। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक बार फिर चीन को खरी–खरी सुनाई है। अमेरिका में एक कार्यक्रम में बोलते हुए जयशंकर ने चीन के साथ भारत के कठिन इतिहास को स्वीकार करते हुए कहा कि जब मैंने दोनों देशों के बीच सीमा विवाद का 75 प्रतिशत हल होने की बात कही, तो वह केवल श्सैनिकों के पीछे हटनेश वाले हिस्से के बारे में थी। विदेश मंत्री ने कहा कि अभी दूसरे पहलुओं में चुनौती बनी हुई है।

एशिया सोसाइटी पॉलिसी इंस्टीट्यूट में एशिया सोसाइटी को संबोधित करते हुए, विदेश मंत्री ने इस बात को भी रेखांकित किया

### यूएस में ड्रैगन को खूब सुनायाय एक नसीहत भी दी

कि कैसे चीन ने कोविड महामारी के दौरान सीमा पर सेना की तैनाती बढ़ाकर पिछले समझौतों का उल्लंघन किया, जिसके परिणामस्वरूप सैनिकों में झड़पें हुईं और दोनों पक्षों को नुकसान हुआ। जयशंकर के कहा कि इस घटना से दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों को नुकसान पहुंचा है।

जयशंकर ने कहा कि चीन के साथ हमारा इतिहास मुश्किलों भरा रहा है। विदेश मंत्री ने कहा कि चीन के साथ हमारे स्पष्ट समझौतों के बावजूद, हमने कोविड के बीच में देखा कि चीन ने इन समझौतों का उल्लंघन करते हुए वास्तविक नियंत्रण रेखा पर बड़ी संख्या में सेना तैनात की। यह संभव था कि कोई दुर्घटना हो और ऐसा हुआ भी। इसलिए, झड़प हुई और दोनों तरफ से कई सैनिक मारे गए।

जयशंकर ने स्वीकार किया कि टकराव वाले बिंदुओं के अधिकांश हिस्सों को हल कर लिया है, लेकिन अभी तक चुनौतियां बनी हुई हैं। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से सीमा पर गश्त के अधिकारों के संबंध में अभी संघर्ष बना हुआ है। जयशंकर ने आगे सलाह देते हुए कहा कि अगर चीन के साथ संबंधों को सुधारना है तो दोनों देशों को डी–एस्केलेशन के महत्व को समझना होगा।

### पाकिस्तानी मौलाना तारिक पर कुरान की तौहीन का आरोप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**


इस्लामाबाद। इस्लाम की आलोचना पर मौत की सजा की वकालत करने वाले एक पाकिस्तानी मौलाना खुद ईशनिंदा के आरोप में घिर गए हैं। मौलाना तारिक मसूद पर कुरान और पैगंबर मोहम्मद के अपमान करने का आरोप लगा है, जिसके बाद वो खुद जान बचाने के लिए भागा–भागा फिर रहा है। तारिक मसूद का एक कथित वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें उन्हें सवाल पूछते हुए सुना जा सकता है कि मुसलमान नबी को क्यों मानते हैं, जब उन्हें पढ़ना और लिखना ही नहीं आता था। मौलाना मसूद इतने पर ही नहीं रुके, उन्होंने इस्लाम की सबसे पवित्र किताब कुरान में भी कमी बता डाली। मौलाना तारिक मसूद ने कहा, वो शख्स जो कुरान पेश कर रहा है, उसने एक शब्द भी नहीं लिखा और दूसरों से लिखवाया।

Page Three
Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द

# नगर की समस्याओं का शासन से जल्द निराकरण करने का आश्वासन

**बैठक**

## ज्योतिर्मठ मूल निवासी स्वाभिमान संगठन के पदाधिकारियों के साथ जिलाधिकारी ने की बैठक

**संवाददाता**

चमोली। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने ज्योतिर्मठ आपदा के कार्यों को लेकर बुधवार को मूल निवासी स्वाभिमान संगठन के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान जिलाधिकारी ने संगठन के पदाधिकारियों को ज्योतिर्मठ की सुरक्षा के लिए शासन और प्रशासन के स्तर पर किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। साथ ही संगठन की मांगों को शासन स्तर पर रख निस्तारित करने का भी आश्वासन दिया।

तहसील ज्योतिर्मठ में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने कहा कि ज्योतिर्मठ की सुरक्षा को लेकर डीपीआर बनाई गई है। आगामी 30 वर्षो को ध्यान में रखकर ज्योतिर्मठ में सुरक्षा योजना पर काम किया जाएगा। साथ ही नगर की आवश्यकता के अनुसार ड्रेनेज व सीवर निकासी के लिये योजना की डीपीआर परीक्षण हेतु आईआईटी रुड़की भेजी गई है।



जिसकी स्वीकृति मिलते ही नगर में सुरक्षात्मक कार्य किए जाएंगे। कहा कि वर्तमान तक ज्योतिर्मठ में आपदा प्रभावित रेड जोन के 482 परिवारों में से 217 परिवारों को मुआवजे का भुगतान किया जा चुका है। इस दौरान उन्होंने प्रभावितों की समस्याएं सुनते हुए कहा कि जिले स्तर की समस्याओं का जल्दी ही निस्तारण किया जाएगा और शासन स्तर की समस्याओं के त्वरित निराकरण के हेतु शासन को अवगत कराया जाएगा।

इस दौरान प्रभावितों की ओर से बीआरओ की ओर निर्मित नालियों का पानी दुकानों में घुसने की बात कही गई। जिस पर जिलाधिकारी ने एसडीएम को शीघ्र बीआरओ के अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही नगर में प्रतिबंधित नव निर्माण को लेकर जिलाधिकारी ने एसडीएम को नव निर्माण पर अविलंब रोक लगाने के निर्देश दिए। प्रभावितों ने नगर के संरक्षित क्षेत्रों में हल्के निर्माण करने की अनुमति देने, गौशाला इत्यादि परिसंपत्तियों का मूल्य निर्धारण करने, अलकनंदा नदी के तट पर चल रहे सुरक्षा कार्य की तरह धौली गंगा के तट पर भी सुरक्षा कार्य करने एवं आपदा के चलते व्यापारियों को हुए नुकसान का मुआवजा दिए जाने की मांग उठाई। जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि संगठन की मांगों को शासन स्तर पर रख कर जल्दी निराकरण कराया जाएगा।

इस मौके पर पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार, मूल निवासी स्वाभिमान संगठन के अध्यक्ष भुवन चंद उनियाल, सचिव समीर डिमरी, उपाध्यक्ष प्रकाश नेगी लक्ष्मण सिंह, भगवती प्रसाद नंबूदरी सहित स्थानीय लोग मौजूद थे।

## न्यूज डायरी

### शहीद क्रांतिकारी शहीद भगत सिंह की 127 वीं जयंती पर याद किया

**संवाददाता** देहरादून। नेताजी संघर्ष समिति के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को कचहरी परिसर में देश को आजादी दिलाने वाले शहीद क्रांतिकारी शहीद भगत सिंह जी की 127 वीं जयंती के अवसर पर उन्हें उनको याद किया। इस अवसर पर समिति के उपाध्यक्ष प्रभात डंडरियाल और प्रमुख महासचिव आरिफ वारसी ने कहा कि हमें भगत सिंह जी के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए कि उनमें देशभक्ति किस तरह कूट–कूट कर भरी थी। मगर दुख का विषय यह है कि आज की युवा पीढ़ी को उनके बारे में पूर्ण रूप से जानकारी भी नहीं है कि उन्होंने देश के लिए क्या–क्या किया था। भगत सिंह को याद करने वालों में आरिफ वारसी ,प्रभात डंडरियाल,प्रदीप कुकरेती, पारस यादव ,जय बिष्ट ,अतुल शर्मा ,दानिश नूर ,रणजीत सिंह जोशी आदि,उपस्थित रहे।

### सात दिवसीय जनपद भ्रमण पर रहेंगे अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। उत्तराखंड अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष मुकेश कुमार आज से 02 अक्टूबर तक सात दिवसीय जनपद भ्रमण पर रहेंगे। इस दौरान उनके द्वारा विभिन्न गांवों अनुसूचित जाति के व्यक्तियों के साथ आयोजित बहुउद्देशीय शिविर कार्यक्रम में प्रतिभाग किया जाएगा। प्र. अपर जिलाधिकारी योगेंद्र सिंह ने उक्त आशय की जानकारी देते हुए अवगत कराया है कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुकेश कुमार 26 सितंबर को प्रातः 11 बजे प्रस्थान कर सायं 4 बजे रुद्रप्रयाग पहुंचेंगे। 27 सितंबर को प्रातः 10 बजे से ग्राम देवर में अनुसूचित जाति के व्यक्तियों के साथ बहुउद्देशीय जनसुनवाई शिविर कार्यक्रम में प्रतिभाग कर समस्याएं सुनेंगे। इसके बाद अपराह्न 1 बजे ग्राम ल्वारा में तथा सायं 4 बजे ग्राम नारायण कोटि में बहुउद्देशीय शिविर कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। 28 सितंबर को प्रातः 10 बजे ग्राम नाला में तथा अपराह्न 1 बजे ग्राम मैखंडा में आयोजित शिविर में प्रतिभाग करेंगे।

### फार्मासिस्ट रोगियों और चिकित्सकों के बीच की महत्वपूर्ण कड़ी

**संवाददाता** हल्द्वानी। एसटीएच में फार्मेसी विभाग में बुधवार को केक काट कर फार्मासिस्ट दिवस मनाया गया। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. जीएस तितियाल व मेडिकल ऑफिसर इंचार्ज प्रो. डॉ. पंकज वर्मा की अध्यक्षता में गोष्ठी हुई। एमएस डॉ. तितियाल ने कहा कि फार्मासिस्ट रोगियों और चिकित्सकों के बीच की महत्वपूर्ण कड़ी है। डॉ. पंकज वर्मा ने कहा कि फार्मासिस्ट चिकित्सा इकाई की रीढ़ की हड्डी है। एसटीएच के प्रभारी फार्मसी इंचार्ज ललित मोहन भट्ट ने कहा कि दुर्गम क्षेत्र जहां चिकित्सक की कमी के चलते में फार्मासिस्ट दवा वितरण के साथ–साथ रोगियों को परामर्श भी दे रहे।

## नियमतिकरण के लिए संविदा कर्मियों ने शुरू किया आंदोलन

**संवाददाता**

हल्द्वानी। नियमित किए जाने की मांग के लिए उत्तराखंड विद्युत संविदा कर्मचारी संगठन ने आंदोलन शुरू कर दिया है। इसके पहले चरण में बुधवार को कार्मिकों ने हाथ में काला फीता बांधकर काम किया। इसके साथ 31 सितंबर और 1 अक्तूबर को देहरादून में होने वाले राज्य स्तरीय धरना प्रर्दशन की तैयारी तेज कर दी गई हैं।

ऊर्जा निगम ने तीनों निगमों में कार्यरत संविदा कर्मचारियों ने नियमितिकरण, समान कार्य समान वेतन और महंगाई भत्ते की मांग के लिए विद्युत संविदा मंच का गठन किया है। इसके तहत बुधवार को कार्मिकों ने आंदोलन शुरू कर दिया। पहले दिन कार्मिकों ने बांह में काला फीता बांध कर विभागीय काम निपटाए। संगठन के प्रदेश महामंत्री मनोज पंत ने बताया कि 29 सितंबर तक मांग के समर्थन में काला फीता बांध कर ही काम करेंगे। वहीं 30 सितंबर और एक अक्तूबर को देहरादून में ऊर्जा भवन और जल विद्युत निगम के मुख्यालय में पूरे प्रदेश के कार्मिक धरना प्रर्दशन करेंगे।

कहा एक ओर शासन अन्य विभागों में दस साल से काम कर रहे संविदा कार्मिकों को नियमित करने की कार्रवाई कर रहा है। वहीं निगम के कर्मचारियों को इसके बाहर रखकर सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। बताया कि मांगों का समाधान नहीं किए जाने पर कार्य बहिष्कार कर आंदोलन करने को मजबूर हो जाएंगे। जिसकी जिम्मेदारी शासन और प्रबंधन की होगी। इस दौरान रोहित मिश्रा, रवि बिष्ट सहित संविदा कार्मिक मौजूद रहे।



## द्वारिका प्रसाद मेमोरियल स्कूल पोरा में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम मनाया गया

**संवाददाता** पुरोला। द्वारिका प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल में बुधवार को उनके 67 वीं जयंती पर विधालय ने वार्षिक उत्सव बड़ी धूम धाम से मनाया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष दीपक विजलवान व उप जिलाधिकारी देवानंद शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर तथा उत्तराखण्ड आंदोलनकारी समाजसेवी द्वारिका प्रसाद विजलवान के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। वहीं छात्र छात्राओं ने सरस्वती बंदना व स्वागत गान की प्रस्तुति से कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। आयोजित वार्षिक उत्सव में छात्र छात्राओं ने हिमाचली,बावरी, जौनसारी गितो की प्रस्तुति देकर आयें हुए लोगों ने खूब झूम कर लुफ्त उठाया। कार्यक्रम में विधालय के प्रधानाचार्य प्रदीप राणा ने वार्षिक प्रगति आख्या रखते हुए आयें अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## विधवा से रेप–नाबालिग से छेड़छाड़ का नेता मुकेश बोरा गिरफ्तार

**संवाददाता**

■24 दिन से था फरारय बीजेपी से भी हो चुका निष्कासित

हल्द्वानी। विधवा महिला से रेप और नाबालिग लड़की से छेड़खानी का आरोपी मुकेश बोरा को गिरफ्तार कर लिया गया है। दुग्ध संघ अध्यक्ष पर रेप एवं पॉक्सो केस दर्ज करने के बाद बीजेपी ने बोरा को पार्टी से निष्कासित कर दिया था।

उत्तराखंड पुलिस ने बोरा को यूपी के रामपुर के चक्कू चौक से गिरफ्तार किया है। मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी पीएन मीणा ने बताया कि आरोपी बोरा सुप्रीमकोर्ट जाने की तैयारी में था। रामपुर में वह अपने अधिवक्ता से मिलने पहुंचा था।

आपको बता दें कि फरार आरोपी मुकेश बोरा की गिरफ्तारी के लिए उसकी तलाश उत्तराखंड के साथ–साथ अब अन्य राज्यों में भी शुरू हो गई है। बोरा के दिल्ली अथवा उत्तर प्रदेश भागने के सुराग पुलिस को पहले मिले हैं। अब यह आशंका भी जताई जा रही है कि फरार दुग्ध संघ अध्यक्ष बोरा पंजाब या हरियाणा पहुंच सकता है। यूपी सहित आसपास के अन्य राज्यों में भी पुलिस टीमों को भेजा गया है। लालकुआं कोतवाली में बोरा के खिलाफ दुष्कर्म एवं पॉक्सो ऐक्ट का मुकदमा दर्ज हुए 23 दिन बीत चुके हैं।

फरार चल रहे बोरा को नैनीताल, अल्मोड़ा, लालकुआं में पकड़ने में पुलिस नाकाम रही है। वहीं 19 सितंबर को उसके बरेली पहुंचने की बात सामने आई। बरेली के बाद पुलिस को बोरा के दिल्ली में होने की जानकारी मिली।

बता दें कि नैनीताल दुग्ध संघ, लालकुआं में पंजाब और इसके आसपास के क्षेत्रों से भी दूध की सप्लाई आती है। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि आरोपी के वहां भी मजबूत संपर्क हो सकते हैं। इधर, एसएसपी ने छह से ज्यादा टीमें गठित कर आरोपी की धरपकड़ के प्रयासों में तेजी लाई है। जल्द पकड़ने का दावा है। पुलिस की जांच में अभी तक सामने आया है कि दुष्कर्म और पॉक्सो ऐक्ट के आरोपी मुकेश बोरा के पास दो लाइसेंसी शस्त्रत्त् हैं। यह तथ्य सामने आने के बाद पुलिस ने इन दोनों शस्त्रत्तें के लाइसेंस प्रशासन स्तर से निरस्त कराने की प्रक्रिया शुरू की।

## शबरी और मंथरा की भूमिका निभाएंगे 59 वर्षीय कतील अक्तर

**संवाददाता** हल्द्वानी। काठगोदाम रामलीला कमेटी के निदेशक मोहन बिष्ट ने बताया कि यह ऐतिहासिक रामलीला पिछले 70 वर्षों से धूमधाम से आयोजित की जा रही है। रामलीला की तालीम जन्माष्टमी के बाद से ही शुरू हो गई थीं। इस वर्ष भी 3 अक्टूबर से इसका शुभारंभ होगा। विशेष बात यह है कि बाल रामलीला का भी आयोजन होता है, जिसमें सभी पात्र बच्चों द्वारा निभाए जाते हैं, जो आयोजन का मुख्य आकर्षण रहेंगे। रामलीला के महत्वपूर्ण पात्रों में 59 वर्षीय कटील अख्तर, जो पिछले 25 वर्षों से विभिन्न भूमिकाएँ निभाते आ रहे हैं, इस बार भी शबरी और मंथरा के किरदारों में नजर आएंगे। उन्होंने बताया कि वे इससे पहले बाणासुर का भी पात्र निभा चुके हैं। अख्तर ने कहा कि रामलीला में उनका किरदार निभाना भाईचारे और सांप्रदायिक सौहार्द का प्रतीक है।

# असुरक्षा और गुस्सा

**लेकिन बड़ा सवाल राज्य सरकार के इस पूरे घटनाक्रम से निपटने के ढंग का भी है। ममता सरकार इस मामले में पूरा दोष केंद्र और विरोधी पार्टियों के सिर मढ़कर काम चला रही है। लेकिन ऐसा जनाक्रोश किसी एक या दो पार्टी के भड़काने भर का नतीजा नहीं हो सकता।**

अनुज श्रीवास्तव।।

तृणमूल कांग्रेस के सांसद जवाहर सरकार का राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफे का एलान पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार की परेशानी बढ़ाने वाला था। हालाकि अब ट्रेनी डॉक्टर ने अपनी हड़ताल वापस ले ली है लेकिन इन हालातों ने राज्य सरकार पर लगाए जा रहे आरोपों और उससे किए जा रहे सवालों की विश्वसनीयता बढ़ा दी है।

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर के रेप और मर्डर की दुर्भाग्यपूर्ण घटना को एक महीना हो चुका है, लेकिन अब तक न तो इसकी जांच किसी ठोस नतीजे पर पहुंचती दिख रही है और न ही इससे उपजा आक्रोश थमने का नाम ले रहा था। हालांकि इसकी जांच सीबीआई को सौंपी जा चुकी है और सुप्रीम कोर्ट भी इस मामले में कथित तौर पर हुई गड़बड़ियों से जुड़े मामले की सुनवाई कर रहा है। इसलिए उस पहलू पर कोई नतीजा निकालने की जल्दबाजी ठीक नहीं होगी।



लेकिन बड़ा सवाल राज्य सरकार के इस पूरे घटनाक्रम से निपटने के ढंग का भी है। ममता सरकार इस मामले में पूरा दोष केंद्र और विरोधी पार्टियों के सिर मढ़कर काम चला रही है। उसका कहना है कि साजिश के तहत लोगों को भड़काया जा रहा है। लेकिन ऐसा जनाक्रोश किसी एक या दो पार्टी के भड़काने भर का नतीजा नहीं हो सकता। राज्य सरकार और तृणमूल कांग्रेस यह समझने को जैसे तैयार ही नहीं कि युवा डॉक्टर के रेप और मर्डर की इस घटना ने न केवल राज्य में बल्कि देश भर में लोगों की संवेदनाओं को झकझोर कर रख दिया। इसने डॉक्टर बिरादरी के मन में बसी असुरक्षा की भावना को सतह पर ला दिया।

इससे पूरी संवेदनशीलता के साथ निपटने की जरूरत थी। लेकिन राज्य सरकार का रवैया पहले दिन से आंदोलन को दबाने और इसके लिए विरोधियों को दोषी ठहराने का था। नतीजा यह कि एक घटना से उपजे असंतोष का दायरा बढ़ता रहा, अस्पताल प्रशासन की ओर से की जा रही अन्य गड़बड़ियां भी उसके दायरे में आती गईं और सरकारी तंत्र व सत्तारूढ़ पार्टी से जुड़े तत्वों के भ्रष्टाचार भी मुद्दा बनते गए। मगर पार्टी नेतृत्व ने किसी तरह की कार्रवाई करके लोगों को विश्वास में लेने की जरूरत नहीं महसूस की।

अब सांसद जवाहर सरकार के इस्तीफे ने इन पहलुओं को मुद्दा बना दिया है। खास बात यह है कि पूर्व नौकरशाह जवाहर सरकार की छवि केंद्र सरकार की गलत नीतियों का विरोध करने वाले व्यक्ति की रही है। इसलिए उन पर विरोधियों से मिलीभगत का आरोप भी टिकने वाला नहीं है। ऐसे में यही उम्मीद की जा सकती है कि कम से कम अब राज्य सरकार अपने रुख में आवश्यक बदलाव पर गंभीरता से विचार करेगी।

## भ्रम



धर्म-दर्शन

**अशोक वोहरा।** थोड़ी ही दूर, उसे एक गाँव दिखाई देता है और जैसे ही वह गाँव के करीब पहुँचता है। वहाँ कुछ लोग बैठे होते हैं। सभी भोलाराम को कांवड़ ले जाते देख, उसके पास पहुँच जाते हैं। गाँव के लोग भोलाराम को खाने पीने की वस्तु भेंट करने के लिए आगे आते हैं, लेकिन भोलाराम उन्हें रोक देता है और कहता है, "अगर आप मुझे कुछ देना ही चाहते हैं तो, पीछे पहाड़ी पर, एक मंदिर है, वहाँ एक साधू भूखे प्यासे बैठे हैं। कृपया करके, उन्हें यह सब भिजवा दीजिए। गाँव के लोग भोलाराम को आश्चर्यचकित होकर देखने लगते हैं और कहते हैं, "भैया यहाँ तो कोई पहाड़ी नहीं हैं। ये पूरा इलाकघ जंगली है और यहाँ पेड़ पौधों के अलावा, आपको कुछ दिखाई नहीं देगा। जरूर आपको कोई भ्रम हुआ होगा"।

....शेष कल

# संपादकीय

## विकास के अवसर

जन धन योजना विकसित भारत के प्रण को साकार करने की दिशा में, गांवों की गरीबी के अभिशाप से मुक्त करने के लक्ष्य में और सबको विकास के समान अवसर प्रदान करने की दिशा में उठाया गया सबसे सक्षम और सुनियोजित कदम है, इसमें कोई संदेह नहीं। पिछले दस सालों में सरकारी योजनाओं को लाभार्थियों के खाते में सीधा पहुंचाने में भी जो सफलता मिली है, उसका सबसे बड़ा कारक जन धन योजना ही है। पिछले वित्तीय वर्ष में 13 हजार करोड़ से भी अधिक लेनदेन यूपीआई के माध्यम से हुए, उसमें जन धन खाता धारकों की तादाद भी अहम थी। इस अवधि में लगभग 38.50 लाख करोड़ रुपये लोगों के बैंक खातों में सीधे पहुंचाए गए भारत सरकार की अलग–अलग योजनाओं के तहत। इससे भ्रष्टाचार पर तो अंकुश लगा ही, लगभग 3.50 लाख करोड़ रुपये के लीकेज को भी रोकने में सरकार समर्थ रही।

**लगभग 56 प्रतिशत बैंक खाते महिलाओं के खुले हैं। इस पहल ने महिलाओं को न सिर्फ पहचान दी और घर के बाहर अवसर दिए, बल्कि उन्हें लखपति बनाना शुरू कर दिया है।**

# जमाराशि चार गुना

अखिलेश झा।।

प्रधानमंत्री जन धन योजना विकसित भारत के लक्ष्य का एक महत्त्वपूर्ण माध्यम है। आज जब यह योजना अपना एक दशक पूरा कर रही है, जो देश के लिए मील का पत्थर है। आज हर घर का एक बैंक खाता है, जिसमें 53 करोड़ से भी अधिक खाते जन धन योजना के तहत खोले गए हैं। वित्तीय समावेशन की यह गाथा विश्व की सबसे सफल और सबसे बड़ी गाथा है। ये खाते सामाजिक सुरक्षा की गारंटी देते हैं, विकास के अवसर घर–घर तक पहुंचाते हैं और खुशहाली के द्वार जन–जन के लिए खोलते हैं।

मार्च, 2015 में जहां जन धन खातों में औसत जमाराशि 1,065 रुपये थी, मई 2024 में वह बढ़कर 4,398 रुपये हो गई। दस साल में बैंक की औसत जमाराशि का चार गुना हो जाना, उस पूरी व्यवस्था की सफलता की कहानी कहता है जो इस वित्तीय समावेशन की मुहिम से संभव हुआ है। दो दिन पहले तक जन धन खातों में कुल 2.31 लाख करोड़ रुपये जमा थे।

यह इसलिए संभव हुआ, क्योंकि खाताधारकों और बैंकों के हितों का ध्यान रखा गया। बैंकों के लिए क्रेडिट गारंटी फंड की स्थापना की गई, ताकि खाताधारकों को बिना हिचक के लोन मुहैया कराएं। खाताधारकों को दस हजार रुपये की ओवरड्राफ्ट की सुविधा दी गई। उन्हें



डिजिटल बैंकिंग से जोड़ने के लिए रुपे डेबिट कार्ड की सुविधा भी दी गई। अब तक 36 करोड़ से भी अधिक रुपे डेबिट कार्ड जारी किए जा चुके हैं। खाताधारकों को जीवन–बीमा एवं दुर्घटना–बीमा की सुविधाएं जन धन खातों के माध्यम से दी गईं। इन्हीं खातों के माध्यम से असंगठित क्षेत्र में काम कर रहे लोगों को पेंशन की योजना से भी जोड़ा गया।

प्रधानमंत्री जन धन योजना ने एक साथ कई लक्ष्यों को साध लिया है। वित्तीय समावेशन में भी उन क्षेत्रों को अधिक वरीयता दी गई, जो पारंपरिक रूप से सबसे अधिक उपेक्षा का शिकार रहे हैं। लगभग 56 प्रतिशत बैंक खाते महिलाओं के खुले हैं। इस पहल ने महिलाओं को न सिर्फ पहचान दी और घर के बाहर अवसर दिए, बल्कि उन्हें लखपति बनाना शुरू कर दिया है। आज एक करोड़ से अधिक ग्रामीण महिलाएं लखपति बन चुकी हैं। इसे बहुत जल्द तीन करोड़ तक पहुंचाने के लक्ष्य पर भी काम चल रहा है। महिलाएं सशक्त होंगी, तो परिवार सश्कत होगा और अंततः देश और तेज गति से सशक्त होगा।

प्रधानमंत्री जन धन योजना का डिजाइन कुछ इस तरह किया गया है कि महिलाएं ही बैंकिंग के प्रति जागरूकता पैदा करने का माध्यम बनें। बैंक–सखी के रूप में वे बैंकों की सुविधाएं देश के कोने–कोने तक पहुंचा रही हैं और इसी क्रम में वे अपने लिए भी रोजगार के नए अवसर पैदा कर रही हैं। इस योजना के तहत दो तिहाई खाते ग्रामीण क्षेत्रों में खोले गए हैं। आधार कार्ड के साथ जन–धन खाते और मोबाइल नेटवर्क को जोड़कर गांवों को मुख्यधारा में लाने में बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। अब इस नेटवर्क के माध्यम से किसानों से लेकर बुनकरों, हस्तशिल्पियों, कामगारों– सब को अपना सामान देश में कहीं भी बेचने और आसानी से उसका भुगतान प्राप्त करने में मदद मिल रही है।

### सूडोकु बवाल-5392

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु बवाल -5391 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

## अपना ब्लॉग

### ऐमजॉन की स्थापना

**मोहन।** जेफ और ऐमजॉन की कहानी साथ–साथ चलती है। 'द एवरीथिंग स्टोर' की शुरुआत होती है बेजोस के घर के गैराज से, जहां 1994 में उन्होंने ऐमजॉन की स्थापना एक ऑनलाइन बुक स्टोर के तौर पर की थी। उन्हें इस कंपनी को शुरू करने का ख्याल न्यू यॉर्क से सिएटल के सफर के दौरान आया। तब उन्होंने कंपनी का नाम काडाब्रा रखने की सोची थी। इसे शुरू करते वक्त बेजोस ने जो कल्पना की थी, आज की ऐमजॉन उससे बिल्कुल अलग है। ब्रैड स्टोन लिखते हैं कि बेजोस को अगर एक शब्द में परिभाषित किया जाए तो वह होगा, 'अनवरत'। वह बिना रुके, बिना थके एक निर्दयी बॉस के रूप में काम करने वाले इंसान हैं। कंपनी का नाम रखने का किस्सा भी स्टोन ने अपनी किताब में बताया है। उस दौर में वेबसाइट के नाम अंग्रेजी की वर्णमाला के हिसाब से रखे जाते थे। इसीलिए, जेफ ने अपनी कंपनी का नाम दुनिया की सबसे बड़ी नदी ऐमजॉन पर रखा। एक तो यह अंग्रेजी के ए अक्षर से शुरू होता है और दूसरा, ऐमजॉन के अथाह पानी की तरह बेजोस के ख्वाब भी कंपनी को अथाह सफलता दिलाने के थे।





## मंदिर के पंचामृतम में मिलाई गई थी मर्दों में नपुंसकता लाने वाली दवा, अरेस्ट

देश के पवित्र स्थलों में से एक तिरुपति बालाजी मंदिर के प्रसाद में जानवरों की चर्बी के इस्तेमाल की खबरों पर बवाल मचा हुआ है। इस मामले में साउथ के दो बड़े एक्टर्स पवन कल्याण और प्रकाश राज के बीच जुबानी जंग शुरू हो चुकी है। वहीं अब तमिल फिल्मों का निर्देशक मोहन जी ने तमिलनाडु के एक अन्य मंदिर पलानी के प्रसाद को लेकर कुछ ऐसी बातें कही, जिसके बाद उन्हें सीधा अरेस्ट ही कर लिया गया है। पॉप्युलर तमिल फिल्म डायरेक्टर मोहन जी एक यूट्यूब चौनल पर तिरुपति बालाजी मंदिर के लड्डू में चर्बी वाले मुद्दे पर बातें कर रहे थे। इसी दौरान मोहन जी ने ये दावा किया कि श्पलानीश मंदिर में पंचामृत में मर्दों को नपुंसक बनाने वाली दवाई मिलाई जाती है। मोहन जी, द्रौपदी, द्रतांडवम और बगासुरन जैसी फिल्में बना चुके हैं और एक चौनल पर तिरुपति के प्रसाद को लेकर बातें कर रहे थे। इसी बीच उन्होंने कहा कि तमिलनाडु के अन्य मंदिरों में भी इसी तरह की घटनाएं हुई हैं। उन्होंने अपने बयान में कहा कि पलानी मंदिर के पंचामृतम में एक बार मर्दों को नपुंसक बनाने वाली दवा मिलाई गई थी और इस खबर को छिपाया गया था। मोहन जी ने यूट्यूब पर बातें करते हुए कहा, मैंने सुना था कि मर्दों में नपुंसकता लाने वाली दवा पंचामृतम में मिलाई गई थी। हालांकि इस खबर को छिपाया गया।

## तृप्ति डिमरी के सिर चकराने वाले डांस पर भड़के लोग

तृप्ति डिमरी को अपनी आगामी फिल्म विक्की और विद्या का वो वाला वीडियोश के गाने मेरे महबूब में अपने डांस मूव्स के लिए आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। आइटम सॉन्ग में तृप्ति और राजकुमार राव के इंटेंस सीन्स हैं और इसे गणेश आचार्य ने कोरियोग्राफ किया है। हालांकि, नेटिजन्स को तृप्ति का इस तरह का डांस बिल्कुल पसंद नहीं आया है। गाने में एक जगह तृप्ति फर्श पर लेट जाती हैं और अपने पैर के बल लेटकर कमर को ऊपर उठाती हैं। इसके बाद वो कांपने लगती हैं। इन स्टेप्स के लिए एक्ट्रेस और कोरियोग्राफर को जमकर ट्रोल किया जा रहा है। एक यूजर ने लिखा– तृप्ति एक खराब डांसर हैं लेकिन कोरियोग्राफर को भी बायकॉट करें। यह भयानक लग रहा है। एक ने कहा– मैं इसे कैसे देखूं। अब के कॉकरोच से बचाने वाली क्रीम का छिड़काव करें और इससे दूर रहें। एक ने लिखा– जय हो गणेश। एक ने कहा– यह सच नहीं हो सकता। यह पूरी फिल्म के लिए शर्मनाक है।

## एक्शन फिल्मों के शौकीन सारिपोधा सनिवारम के लिए रहें तैयार



नानी, एसजे सूर्या और प्रियंका अरुल मोहनन की तेलुगु एक्शन थ्रिलर फिल्म श्सारिपोधा सनिवारमश अब ओटीटी पर रिलीज के लिए बिल्कुल तैयार है। विवेक अथरेया के डायरेक्शन में बनी ये फिल्म अपनी शानदार कहानी और बम्पर बॉक्स ऑफिस कलेक्शन को लेकर पहले से ही चर्चा में है। अब इस फिल्म का एक नया ट्रेलर नेटफ्लिक्स ने यूट्यूबर पर जारी किया है जिसमें सूर्या (नानी) अपने एक्शन मोड में दुश्मनों की बैंड बजाने पहुंच रहे हैं। इस में फिल्म में सूर्या (नानी) एक आम इंश्योरेंस एजेंट है जो सोमवार से शुक्रवार तक एक साधारण शख्स की जिंदगी जीता है लेकिन शनिवार को ये कहानी बदल जाती है। शनिवार को वह अन्याय के खिलाफ लड़ने के लिए खड़ा हो जाता है और जरूरतमंद लोगों की मदद करता है।और इसी बीच उसका सामना होता है पुलिस अधिकारी दयानंद (एसजे सूर्या) से जिसके नाम को वो लाल पेन से सर्कल कर लेता है। ये पुलिस अधिकारी सोकुलापलेम शहर में अपने दबंगई के लिए फेमस है। सूर्या कैसे पुलिस अधिकारी के लिए जान का जंजाल बन चुका है, ट्रेलर में इन झलकियों में जबरदस्त एक्शन के साथ फिल्माया गया है। यह फिल्म शानदार मसाला एक्शन फिल्म है जिसमें रोमांस भी है। सरीपोधा सानिवारम नेटफ्लिक्स पर 26 सितंबर, 2024 से स्ट्रीम होने वाला है।

# प्रभास की फौजी में होंगी दिग्गज एक्ट्रेस जया प्रदा!



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*तेलुगु सुपरस्टार प्रभास इन दिनों मदुरै में अपनी अपकमिंग फिल्म फौजी की शूटिंग एक्ट्रेस इमानवी के साथ कर रहे हैं। इस बीच खबर ये आ रही है कि दिग्गज एक्ट्रेस जया प्रदा भी इस शूटिंग शेड्यूल में शामिल हो गई हैं। फिल्म की शुरुआती शूटिंग फिलहाल मदुरै में की जा रही है जहां इस वक्त पूरी कास्ट और क्रू मेंबर इकट्ठे हो चुके हैं। अब जया प्रदा के वहां पहुंचने के बाद से ये चर्चा है कि वो भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।*

**प्रभास के बिना ही कई सीक्वेंस शूट करने की प्लानिंग की**

अनुमान लगाया जा रहा है कि आज का अर्जुन फेम एक्ट्रेस जया प्रदा भी प्रभास और इमानवी के साथ शूटिंग शेड्यूल में शामिल हो गई हैं। हालांकि प्रभास के व्यस्त शेड्यूल के कारण टीम ने प्रभास के बिना ही कई सीक्वेंस शूट करने की योजना बनाई है, क्योंकि श्रिबेलश फेम एक्टर निर्देशक मारुति के निर्देशन में बन रही अपकमिंग हॉरर–कॉमेडी द राजासाब की शूटिंग कर रहे हैं।

**फिल्म से प्रभास का पहला लुक दशहरा के शुभ अवसर पर**

अपकमिंग फिल्म फौजी 1945 के बैकग्राउंड पर बेस्ड है, जिसमें प्रभास ब्रिटिश सेना में काम करने वाले एक सैनिक की भूमिका निभा रहे हैं। ऐसी खबरें आ रही है कि फिल्म से प्रभास का पहला लुक दशहरा के शुभ अवसर पर सामने आएगा। इस एक्शन–ड्रामा में मिथुन चक्रवर्ती भी महत्वपूर्ण भूमिका में हैं, जिसमें वे पिता की भूमिका निभाएंगे।

**अमिताभ बच्चन के साथ शराबी में भी आई थीं नजर**

इसका संगीत सीता रामम के फेमस संगीत निर्देशक विशाल



चंद्रशेखर ने तैयार किया है। जय प्रदा को 70 और 80 के दशक की टॉप एक्ट्रेसेस में से एक हैं, जिन्होंने तेलुगु, तमिल, हिंदी, कन्नड़, मलयालम, बंगाली और मराठी फिल्मों में एक्टिंग किया है। उनकी पहली बॉलीवुड फिल्म 1979 की सरगम थी, जो उनकी 1976 की तेलुगु फिल्म सिरी सिरी मुव्वा की रीमेक थी। उनकी कुछ शानदार हिंदी फिल्मों में अमिताभ बच्चन के साथ श्शराबीश और के विश्वनाथ की संजोग शामिल हैं।

**पहली पत्नी को तलाक दिए बिना की थी शादी**

22 फरवरी 1986 को उन्होंने निर्माता श्रीकांत नाहटा से शादी की। नहाटा की पहली शादी के कारण यह रिश्ता काफी विवादों में रहा, क्योंकि उन्होंने अपनी पत्नी को तलाक नहीं दिया और जया प्रदा से शादी कर ली। भारतीय निर्देशक स्वर्गीय सत्यजीत रे ने जया को दुनिया की सबसे खूबसूरत महिलाओं में से एक बताया था।

# जिस ट्रेन से अक्षय कुमार सफर कर रहे थे उसी में चढ़े चंबल के डाकू

*चंबल के डाकुओं की कहानी और किस्से तो हमने खूब पढ़े हैं, लेकिन उससे आमना–सामना किसी का शायद ही हुआ हो। हालांकि, अक्षय कुमार उनमें से हैं जिनका सामना यहां के खतरनाक डाकुओं से हुआ था। उन्होंने बताया कि जब डाकुओं पर इनकी नजर पड़ी तो कैसे उन्होंने सोने का नाटक किया था और बड़ी मुश्किल से उनकी जान बची। ये किस्सा अक्षय कुमार ने खुद सुनाया था।*



**जैसे चंबल आया तो डाकू ट्रेन में चढ़ गए**

अक्षय कुमार ने इसी चौट शो में बताया था कि एक बार वो ट्रेन में सफर कर रहे थे और उन्हें पता लगा कि ट्रेन में डकैत चढ़ गए हैं और वो भी चंबल के। उन्होंने अपनी कहानी विस्तार से बताई और कहा, श्मैंने करीब साढ़े 4 –5 हजार का सामान खरीदा था, जिसमें मेरे कपड़े थे। सारा सामान रखा था और जैसे चंबल आया तो डाकू ट्रेन में चढ़ गए। वे मेरी बोगी के अंदर आए... और मैं सोया हुआ था।

**आहिस्ते-आहिस्ते वो मेरे पास भी आ गए**

उन्होंने आगे बताया, दरअसल मेरे साथ है कि जरा सी आवाज होती है तो आंख खुल जाती है और मैंने देखा डाकू.... मैंने बोला– बेटे अब कुछ मत बोलना, चुप चाप आराम से सोए रहना। अब मैं देख रहा हूं वो सबका सामान उठा रहे, और आहिस्ते–आहिस्ते वे मेरे पास भी आ गए और मेरा सामान भी उठ गया। मैं अगर शोर मचाता तो मुझे गोली मार देते।

**सारा सामान उठा कर ले गए, उन्होंने मेरी चप्पल तक नहीं छोड़ी**

एक्टर ने कहा, मैं देख रहा हूं और रो रहा हूं... फिर सारा सामान उठा कर ले गए यहां तक कि उन्होंने मेरी चप्पल तक नहीं छोड़ी। वो लोग सीट के नीचे रखी लोगों की चप्पलें भी ले गए। समझिए उन्होंने कुछ भी नहीं छोड़ा, मैंने तो 4500 का सामान लिया था और जब मैं दिल्ली स्टेशन उतरा तो मेरे हाथ में कोई सामान नहीं था।

भूत बंगलाश और रोहित शेट्टी की सिंघम अगेन में आएंगे नजर याद दिलाते चलें कि अक्षय कुमार की बड़े मियां छोटे मियां, सरफिरा और खेल खेल में तीनों ही फिल्में बॉक्स ऑफिस पर असफल रहीं। वहीं वो जल्द ही प्रियदर्शन की भूत बंगला और रोहित शेट्टी की सिंघम अगेन में नजर आएंगे।

# हड्डियों को देनी है असली ताकत तो खाएं विटामिन–डी से भरपूर ये फूड्स

*विटामिन डी हमारे शरीर में फास्फोरस और कैल्शियम को अब्ज०र्ब करने के लिए जरूरी है, जिससे हमारी हड्डियां मजबूत होती हैं और फ्रैक्चर होने का खतरा कम होता है। विटामिन डी हमारे इम्यून सिस्टम के लिए भी जरूरी है अगर शरीर में विटामिन डी की कमी हो जाए तो डिप्रेशन और मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं।*



**फोर्टीफाइड दूध**
दूध का सेवन हमारे स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद होता है लेकिन प्राकृतिक रूप से दूध में विटामिन डी की मात्रा अधिक नहीं होती है। लेकिन फोर्टीफाइड दूध को विटामिन डी की कमी के लिए पीना चाहिए। बच्चों में अगर विटामिन डी की कमी हो तो उन्हें फोर्टीफाइड दूध पिलाएं। यह उनके 15 से 20 प्रतिशत विटामिन डी की दैनिक आवश्यकता को पूरी करेगा।

**फैटी फिश**
मछलियों में ओमेगा 3 फैटी एसिड पाया जाता है। यह स्वास्थ्य के लिए भी बेहद लाभकारी होता है। फैटी फिश विटामिन डी के मुख्य स्रोतों में से एक है। मैकेरल, टूना और सैल्मन फैटी फिश हैं, जिनका सेवन करने से शरीर में विटामिन डी की कमी नहीं होती है। कई लोग विटामिन डी की कमी होने पर मछली के तेल का सेवन भी करते हैं। जिन लोगों को मछली खाना पसंद नहीं है वे लोग इसके तेल का सेवन कर सकते हैं।

**मशरूम**
मशरूम को शाकाहारी लोगों का नॉनवेज भी कहा जाता है। इसकी सब्जी बहुत ही स्वादिष्ट होती है। मशरूम का सेवन करने से हमें विटामिन डी प्राप्त होता है। मशरूम में विटामिन डी की मात्रा बढ़ाने के लिए इसे कुछ देर धूप में रख देना चाहिए। यह हमारे इम्यूनिटी सिस्टम को भी मजबूत बनाता है। विटामिन डी की कमी से जूझ रहे लोगों को अपने आहार में मशरूम को जरूर शामिल करना चाहिए।

**अंडे:** अंडे का सेवन करने से हमें विटामिन डी के साथ–साथ प्रोटीन भी प्राप्त होता है। हड्डियों की मजबूती और मांसपेशियों के सही विकास के लिए आहार में अंडे को शामिल करना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। लेकिन मौसम के अनुसार अंडे खाने की मात्रा में बदलाव करना चाहिए। गर्मी के मौसम में दो या तीन से ज्यादा अंडे नहीं खाना चाहिए।

**फोर्टीफाइड टोफू**
जो लोग विगन और शाकाहारी होते हैं। उनके लिए टोफू का सेवन करना जरूरी हो जाता है। फोर्टीफाइड टोफू विटामिन डी की कमी को पूरी करता है। यह हमारी हड्डियों को मजबूत बनाता है और शरीर को जरूरी कई पोषक तत्व प्रदान करता है। विटामिन डी की कमी को दूर करने के लिए नियमित रूप से टोफू का सेवन करना चाहिए।



## पेट की हर समस्या का रामबाण इलाज है ईसबगोल की भूसी का सेवन

ईसबगोल की भूसी एक प्राकृतिक औषधि है। इसका सेवन करने से लीवर, पेट और ह्रदय से जुड़ी समस्याएं समाप्त होती हैं। पाचन संबंधी सभी समस्याओं को दूर करने के लिए इसका सेवन करना चाहिए। यह हमारे लीवर को भी मजबूत करता है। प्राचीन काल से ही ईसबगोल की भूसी का प्रयोग पेट से संबंधित बीमारियों को दूर करने के लिए किया जाता है। लेकिन इसका उपयोग करने से पहले एक बार डॉक्टर से सलाह जरूर लें। ईसबगोल की भूसी का सेवन कई तरीकों से किया जा सकता है। इसका सेवन करते समय पर्याप्त मात्रा में पानी पीना चाहिए क्योंकि यह फाइबर के जैसे काम करता है, जिससे आंतों को पानी की अधिक आवश्यकता होती है। ईसबगोल की भूसी का सेवन करने से गैस अपच और एसिडिटी की समस्या दूर होती है। ईसबगोल की भूसी पेट में जाकर जेल बनाती है, जो पेट में एसिड की मात्रा नियंत्रित करता है और गैस से जुड़ी सभी समस्याएं दूर होती है। कब्ज से छुटकारा पाने के लिए कुछ हफ्ते तक सोने से पहले ईसबगोल की भूसी को एक गिलास गुनगुने दूध या पानी में मिलाने के बाद पिएं, जिससे यह पेट में जाकर सही से काम कर पाएगा। ईसबगोल का सेवन करना हमारे हेल्थ के लिए बहुत ही फायदेमंद है। यह हमारे शरीर को हमेशा हाइड्रेटेड रखता है और पानी की कमी नहीं होने देता। ईसबगोल की भूसी पानी को अब्जॉर्ब करती है। इसका सेवन करने से शरीर में पानी की पर्याप्त मात्रा बनी रहती है।

## डेंगू–चिकनगुनिया से बचाव करेंगी पपीता जैसी ये चीजें

प्लेटलेट्स काउंट कम होने से हीमोग्लोबिन पर इसका गहरा प्रभाव पड़ता है। एंटीबॉडीज नष्ट होने से बॉडी में व्हाइट ब्लड की कमी हो सकती है। कुछ फूड्स को अपनी डाइट में शामिल करने से आप अपनी प्लेटलेट्स को बढ़ा सकते हैं, जिसका सीधा असर आपके शरीर में हीमोग्लोबिन पर भी पड़ेगा। नारियल पानी पीने से हमारा शरीर हाइड्रेट होता है। इसके साथ ही इसका नियमित रूप से सेवन करके डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया के जोखिम को भी कम किया जा सकता है। कच्चे नारियल और नारियल पानी में भरपूर मात्रा में मौजूद इलेक्ट्रोलाइट्स, हमारे शरीर के खुराक के लिए जरूरी होते हैं। हरी पत्तेदार सब्जियां हमारे सेहत के लिए अच्छी मानी जाती हैं। इसमें कई पोषक तत्व होते हैं। चिकनगुनिया, मलेरिया और डेंगू के साथ–साथ यह कई बीमारियों से छुटकारा दिलानेने और इन्हें दूर रखने में मदद कर सकते हैं। पुदीना, मेथी, सलाद पत्ता और पालक जैसी हरी सब्जियों को डाइट में शामिल करके आप अपनी इम्यूनिटी को बूस्ट कर सकते हैं।

## कई बीमारियों का जड़ से नाश करता है ये फल भगवान श्रीराम भी करते थे सेवन



राम कंदमूल में फाइबर, कार्बोहाइड्रेट, विटामिन ए और सी, कैल्शियम,फॉस्फोरस पोटैशियम और मैग्नीशियम भरपूर मात्रा में पाया जाता है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट गुण पाए जाते हैं, जो शरीर को फ्री रेडिकल से बचाने में सहायता करते हैं। इसका सेवन करने से शरीर को कई लाभ मिलते हैं, जिसे हम इस आर्टिकल के माध्यम से जानेंगे। घ्राम कंदमूल में कैल्शियम और फास्फोरस जैसे खनिज तत्व भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। इसका सेवन करने से हमारी हड्डियां और दांत मजबूत होते हैं। ऑस्टियोपोरोसिस की समस्या से बचने के लिए अपने आहार में राम कंदमूल फल को शामिल करें। डायबिटीज से पीड़ित लोगों को राम कंदमूल का सेवन करना चाहिए। इसमें ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है। यह शरीर के शुगर लेवल को नियंत्रित करता है। मधुमेह रोगी अगर नियमित रूप से राम कंदमूल का का सेवन करें तो उन्हें काफी आराम महसूस होगा। राम कंदमूल का सेवन करने से हमें विटामिन ए और विटामिन सी मिलता है, जिससे हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। प्रतिरोधक क्षमता मजबूत हो तो कोई भी बीमारी हमें छू भी नहीं सकती। यह शरीर में होने वाले संक्रमण को लड़ने की शक्ति देता है। राम कंदमूल में एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं। इसका सेवन करने से शरीर के टॉक्सिंस बाहर निकल जाते हैं।

# करी पत्ते को पानी के साथ चबाने से मिलेंगे जबरदस्त फायदे



*दक्षिण भारत में के कई सारे व्यंजनों में करी पत्ते का इस्तेमाल किया जाता है। करी पत्ते के तड़के वाला सांभर हो या फिर चटनी, लोग चटकारे लेकर खाते हैं। हालांकि करी पत्ते का काम सिर्फ स्वाद और खुशबू बढ़ाना नहीं है बल्कि सेहत के लिए भी इसके कई फायदे होते हैं। करी पत्ता औषधीय गुणों से भरपूर होता है और कई गंभीर बीमारियों के जोखिम को कम करता है। रोजाना खाली पेट करी पत्ते को चबाना काफी फायदेमंद होता है। आयरन, प्रोटीन, कैल्शियम, विटामीन सी आदि जैसे कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। ऐसे में करी पत्ते से कई शारीरिक समस्याओं को दूर करने में मदद मिलती है। करी पत्ता को मीठा नीम भी कहते हैं। यदि रोजाना सुबह खाली पेट पानी के साथ 7 से 8 करी पत्ते को चबा लिया जाए तो आपको कई चौंका देने वाले फायदे मिल सकते हैं।*

**मजबूत होगी इम्यूनिटी**
सुबह खाली पेट करी पत्ता चबाने से इम्यूनिटी मजबूत होती है। करी पत्ते में विटामिन के साथ भरपूर मात्रा में आयरन और कैल्शियम भी होता है। ऐसे में यह पोषक तत्व हमारे शरीर को मजबूत बनाते हैं जिससे बीमारियां हमसे दूर रहती हैं। करी पत्ते में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस को भी कम करने में मदद करते हैं। यदि आपको इसका टेस्ट पसंद ना आए तो आप 4 से 5 करी पत्ते में 3–4 तुलसी की पत्तियां और थोड़ा शहद मिलाकर भी इसे चबा सकते हैं।

**वजन कम करने में सहायक**
करी पत्ते का सेवन करने से मेटाबॉलिज्म बेहतर होता है और वजन घटाने में मदद मिलती है इसमें मौजूद एंटी ओबेसिटी और लिपिड कम करने वाले प्रभाव होते हैं जो वजन बढ़ने से रोकते हैं। वेट लॉस करने के लिए आप 5 से 6 करी पत्ते चबाकर हल्का गर्म पानी पी सकते हैं।



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

**मॉर्निंग सिकनेस से मिलेगी राहत**
अक्सर सुबह उठने के बाद जी मिचलाने की समस्या होती है या फिर उल्टी महसूस होती है। ऐसे में करी पत्ता चबाने से काफी राहत मिलती है। दरअसल करी पत्ते में कार्मिनेटिव गुण मौजूद होता है जो सूजन और पेट में गैस जैसी समस्याओं को कंट्रोल करता है।

**पेट के लिए फायदेमंद**
रोजाना सुबह खाली पेट करी पत्ता चबाने से पेट से जुड़ी कई समस्याओं से भी आराम मिलता है। इसमें पाए जाने वाले एंजाइम्स पाचन तंत्र को बेहतर बनाने में मदद करते हैं। करी पत्ता खाने से कब्ज, गैस, एसिडिटी, ब्लोटिंग आदि जैसी समस्याएं नहीं होती है।

**कंट्रोल रहेगा ब्लड शुगर लेवल**
शुगर के मरीजों के लिए करी पत्ता एक बहुत ही चमत्कारी जड़ी बूटी होता है। इसके सेवन से ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल रखने में मदद मिलती है। ब्लड में जमा बैड कोलेस्ट्रॉल को भी यह कम करता है। करी पत्ते का सेवन करने से हार्ट, लिवर और किडनी स्वस्थ रहते है।

**बढ़ेगी आंखों की रोशनी**
यदि आप अपनी आंखों की रोशनी बढ़ाना चाहते हैं तो करी पत्ते का सेवन करना शुरू कर दें। इसमें मौजूद विटामिन ए आंखों की रोशनी को बढ़ाता है। उम्र के साथ आंखों से जुड़ी होने वाली समस्याओं को भी दूर करने के लिए करी पत्ते का सेवन किया जा सकता है। आप चाहें तो करी पत्ते के साथ शहद मिलाकर खा सकते हैं।



वापसी के सभी दरवाजे हुए बंद!

## विराट कोहली के जिगरी यार का करियर खत्म

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के धाकड़ तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा के लिए अब वापसी की सारी उम्मीदें लगभग खत्म हो चुकी है। आखिरी बार ईशांत टीम इंडिया के लिए साल 2021 में खेलने मैदान पर उतरे थे। हालांकि, इस दौरान ईशांत शर्मा इंडियन प्रीमियर लीग और घरेलू क्रिकेट में खेलते हुए जरूर दिखे, लेकिन अब उनको लेकर एक ऐसी खबर सामने आई है जिससे यह माना जा रहा है कि उनका करियर अब अंधकार में है। दरअसल दिल्ली क्रिकेट टीम ने आगामी रणजी ट्रॉफी सीजन के लिए 84 खिलाड़ियों की एक संभावित लिस्ट जारी की है। इन खिलाड़ियों में से ही एक टीम तैयार की जाएगी। हैरानी की बात है यह है कि दिल्ली के इस संभावित खिलाड़ियों की सूची में विराट कोहली का भी नाम है। विराट कोहली आखिरी बार 2012 में दिल्ली की तरफ से घरेलू क्रिकेट में खेलने मैदान पर उतरे थे। इसके अलावा नवदीप सैनी, ऋषभ पंत, यश ढुल, आयुष बडोनी और अनुज रावत जैसे खिलाड़ियों का भी नाम है, लेकिन ईशांत को इन खिलाड़ियों की लिस्ट में नहीं रखा गया है। ऐसे में अब ईशांत शर्मा शायद फिर कभी टीम इंडिया की जर्सी पहनकर मैदान पर दिखाई दें।

रणजी ट्रॉफी के संभावित खिलाड़ियों में भी ईशांत का नाम नहीं होने से उनका भविष्य अब अधर में है। क्योंकि बीसीसीआई की तरफ से यह साफ निर्देश दिया गया है कि नेशनल टीम में अब वहीं खिलाड़ी खेलने के योग्य होंगे जो घरेलू क्रिकेट में हिस्सा लेंगे। गौतम गंभीर ने भी घरेलू क्रिकेट में खिलाड़ियों को खेलने के लिए कहा है। शायद उसी का असर है कि विराट कोहली जैसे खिलाड़ी जो कि पिछले 12 साल से घरेलू क्रिकेट में हिस्सा नहीं लिया वह अब दिल्ली के लिए एक बार फिर से मैदान पर उतरेंगे।

# आर अश्विन चेन्नई टेस्ट के बाद कानपुर टेस्ट में मचाएंगे गदर

क्रिकेट

### निशाने पर कुल बड़े रिकॉर्ड्स, शेन वॉर्न–जहीर जैसे दिग्गजों को छोड़ेंगे पीछे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। रविचंद्रन अश्विन बांग्लादेश के खिलाफ खेले गए पहले टेस्ट मैच में भारतीय टीम के हीरो रहे थे। दो मैचों की जारी टेस्ट सीरीज के पहले टेस्ट में भारतीय टीम ने 280 रन से जीत हासिल की थी। इस मैच में मिली जीत में बल्ले और बॉल दोनों से अश्विन ने अहम योगदान दिया था।



38 साल के अश्विन ने दूसरा पारी में बल्ले से 113 रन बनाए थे और दूसरी पारी में गेंद से कुल 6 विकेट चटकाए थे। दूसरी पारी में 6 विकेट लेने के बाद अश्विन ने दिग्गज शेन वॉर्न के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली थी। टेस्ट क्रिकेट इतिहास में दूसरे सबसे ज्यादा फाइव विकेट हॉल लेने वाले संयुक्त गेंदबाज बन गए थे। अब भारत का सामना बांग्लादेश से दूसरे टेस्ट में कानपुर में होना है, जिसमें भी अश्विन गदर मचाते हुए नजर आएंगे। दूसरे टेस्ट में अश्विन के निशाने पर एक नहीं, बल्कि पूरे 6 बड़े रिकॉर्ड्स दर्ज हैं।

आर अश्विन टेस्ट मैचों की चौथी पारी में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज है। अब कानपुर टेस्ट की दूसरी पारी में वह एक विकेट लेते ही इतिहास रच देंगे। वह टेस्ट मैचों की चौथी पारी में 100 विकेट लेने वाले पहले भारतीय बॉलर और छठे ओवरऑल गेंदबाज बन जाएंगे। भारत बनाम बांग्लादेश टेस्ट सीरीज में आर अश्विन सर्वाधिक विकेट लेने वाले बॉलर बनने से महज 3 कदम दूर हैं। भारत–बांग्लादेश के बीच टेस्ट मैच में सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में इस वक्त जहीर खान का नाम दर्ज है, जिन्होंने 31 विकेट चटकाए हैं।

आर अश्विन अगर कानपुर टेस्ट में 4 विकेट ले लेते हैं तो वह डब्ल्यूटीसी 2023–25 में 52 विकेट पूरे कर लेंगे। इस दौरान वह डब्ल्यूटीसी साइकल में सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में जोश हेजलवुड को पछाड़ देंगे। आर अश्विन अभी मौजूदा समय में दिग्गज शेन वॉर्न के रिकॉर्ड के बराबर है। अगर कानपुर टेस्ट में अश्विन ने फिर पंजा खोला तो वह टेस्ट क्रिकेट इतिहास में दूसरे सबसे ज्यादा फिफर लेने वाले बॉलर बन जाएंगे। अश्विन को कानपुर टेस्ट में 8 विकेट की जरूरत है। अगर वह यह विकेट हासिल कर लेते हैं तो वह डब्ल्यूटीसी इतिहास में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बन जाएंगे। इस मामले में वह ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर नाथन लियोन को पछाड़ देंगे।

टेस्ट क्रिकेट इतिहास में सातवें सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बनने के लिए अश्विन को बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट में 9 विकेट की जरूरत है।

# पाकिस्तान दोस्ती–यारी ग्रुप का नया हेड गैरी कर्स्टन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट टीम मौजूदा समय में अपने बुरे दौर से गुजर रही है। विदेश ही नहीं, बल्कि अपने घर में भी पाकिस्तान का टेस्ट सीरीज जीतना मुश्किल हो रहा है। टी20 विश्व कप 2024 में खराब प्रदर्शन के बाद पाकिस्तान की टीम इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज खेलेगी। इस सीरीज से पहले पूर्व क्रिकेटर बासित अली ने पाकिस्तान के नए हेड कोच गैरी कर्स्टन पर भड़ास निकाली।

बता दें कि टी20 विश्व कप 2024 के बाद साउथ अफ्रीका के गैरी कर्स्टन को अपना हेड कोच बनाया था। उनकी कोचिंग में भारतीय टीम ने 2011 विश्व कप का खिताब जीता था। हालांकि, कर्स्टन के आने का कोई फायदा नहीं दिखा। बासित अली ने अब गैरी कर्स्टन को लेकर एक बड़ा बयान दिया।

### पाकिस्तान मौजूदा समय में खराब दौर से गुजर रहा है

दरअसल, बासित अली ने पाकिस्तान के नए कोच गैरी कर्स्टन को लेकर अपने यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए कहा कि पहले दोस्ती यार ग्रुप का जो हेड था, अब वो बदलाव हो गया है। बाबर (आजम) ने ग्रुप से अपना पद छोड़ दिया है। अब उस ग्रुप को व्हाइट–बॉल के हेड कोच गैरी कर्स्टन साहब ने संभाल लिया है। पूर्व बल्लेबाज ने कहा कि कर्स्टन ने बैठक में वही बातें कहीं जो खिलाड़ियों ने पहले कही हैं, जैसे कि निरंतरता लाएं, चाहे चयनकर्ता हों या खिलाड़ी, उन्हें लंबे समय तक मौका दिया जाना चाहिए।


बासित ने आगे कहा कि पीसीबी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी के पास ऑलराउंडर शादाब खान को एक और मौका देने के सुझाव पर सहमत होने के अलावा कोई विकल्प नहीं था। यह सब कुछ लोगों के आधार पर हुआ है। हेड होने के नाते, उन्हें (नकवी) समर्थन करना होगा, जो एक अच्छी बात है।

पाकिस्तान टीम ने हाल ही में दो मैचों की टेस्ट सीरीज में बांग्लादेश के हाथों 0–2 से हार झेली। बांग्लादेश की टीम की टेस्ट में पाकिस्तान पर यह पहली जीत रही। बासित अली ने पाकिस्तान टीम के खराब प्रदर्शन पर उनको लताड़ लगाई। बासित ने कहा कि मैं तो साफ बोलता हूं। बांग्लादेश ने बकरी बनाया, बकरी बना के हराया पाकिस्तान को। कब तक दोस्तों को फेवर करते हुए सेलेक्ट किया जाएगा। यह सिर्फ दरवाजे के पीछे ही काम किया जाता है। सिर्फ मैदान पर आपका प्रदर्शन ही काम आता है।

## गावस्कर अपने ससुराल में करते नजर आएंगे कमेंट्री

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कानपुर। भारत और बांग्लादेश टेस्ट मैच के लिए जारी हुए कमेंटेटर के नाम की सूची में दिग्गज सुनील गावस्कर का नाम शामिल नहीं था, लेकिन उनको भी कमेंट्री के पैनल में शामिल किया गया। सुनील गावस्कर का शहर से गहरा लगाव रहा है। शहर में ही ससुराल होने के चलते वे लगभग हर अंतरराष्ट्रीय मैच में कमेंट्री के लिए प्राथमिकता पर आते हैं। बीसीसीआई की ब्राडकास्टिंग टीम के लोकल मैनेजर अमित मिश्रा ने बताया कि गावस्कर आज शाम को शहर पहुंचेंगे। सबसे पहले वह सिविल लाइंस स्थित अपनी ससुराल में जाएंगे। इसके बाद गुरुवार को ग्रीन पार्क स्टेडियम में आएंगे। आपको बताते चले कि अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान ही गावस्कर के आग्रह पर मीडिया गैलरी में लिफ्ट लगी थी। जिसका भूमि–पूजन भी भारत और न्यूजीलैंड टेस्ट मैच के दौरान यूपीसीए ने उनसे ही कराया था।

## न्यूज डायरी



## होटल स्टाफ से बिना हाथ मिलाए चलते बने विराट कोहली!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कानपुर। भारत और बांग्लादेश के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज का आखिरी मुकाबला कानपुर के ग्रीन पार्क क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। दूसरे टेस्ट मैच की शुरुआत 27 सितंबर से होने जा रही है। इस टेस्ट मैच के लिए टीम इंडिया कानपुर पहुंच चुकी है। कानपुर पहुंचने के बाद भारतीय खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत किया गया। होटल स्टाफ ने सभी खिलाड़ियों को माथे पर तिलक और गले में रुद्राक्ष की माला पहनाया। इसके अलावा सभी खिलाड़ियों को होटल स्टाफ ने फूलों का गुलदस्ता भी भेंट किया, लेकिन इस दौरान विराट कोहली ने जो किया उससे उनकी खूब आलोचना हो रही है। दरअसल विराट कोहली को जब होटल स्टाफ ने गुलदस्ता देना चाहा तो उन्होंने अपने हाथ में उसे पकड़ा तो जरूर, लेकिन पास में ही खड़े सुरक्षाकर्मी को उन्होंने वापस थमा दिया। इस दौरान कुछ लोग विराट कोहली से हाथ भी मिलाना चाह रहे थे, लेकिन बहुत ही तल्खी भरे लहजे में इनकार कर दिया। बता दें कि सोशल मीडिया पर विराट कोहली का जो वीडियो सामने आया है उसमें उन्हें यह कहते हुए सुना गया कि, मेरे दो ही हाथ हैं। थैंक यू वेरी मच। हालांकि, विराट कोहली के बाद ऋषभ पंत आते हैं वे सभी से बहुत प्यार से मिले और फूलों का गुलदस्ता भी स्वीकार किया। कुछ सेकेंड के इस वीडियो में विराट कोहली के व्यवहार की खूब आलोचना हो रही है।

## 75 साल का पहलवान ले रहा तलाक, 6 साल पहले की थी शादी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। वर्ल्ड रेसलिंग एंटरटेनमेंट यानी के चाहने वाले उस वक्त हैरान रह गए जब प्रो रेसलिंग के दिग्गज रिक फ्लेयर ने अपने तलाक का ऐलान किया। वह और उनकी वाइफ वेंडी बार्लो छह साल की शादी के बाद अलग हो गए हैं। यह इसलिए भी हैरान करने वाला है कि उनकी उम्र 75 साल है, जबकि यह उनकी 5वीं शादी थी, जिसे 2018 में की थी। उनकी वाइफ वेंडी की उम्र 64 साल है। फ्लेयर ने अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट लिखा– वेंडी और मैंने 13 बेहतरीन साल बिताए। हर जोड़े की तरह हमने भी अपने उतार–चढ़ाव का अनुभव किया है। मुझे लगता है कि अभी सभी के लिए यह जानना महत्वपूर्ण है कि हमने सम्मानपूर्वक अलग होने का फैसला किया है। मैं 2017 में शारीरिक रूप से मुश्किल दौर से गुजर रहा था। उस समय उसने मेरी बहुत मदद की थी। इसका शब्दों में धन्यवाद कम पड़ जाएगा। रिक ने आगे लिखा– उन्होंने कभी मेरा साथ नहीं छोड़ा। इसके लिए मैं हमेशा आभारी रहूंगा। हम वर्तमान समय में विभिन्न परियोजनाओं पर काम कर रहे हैं और मेरे और उनके शेड्यूल के साथ यह काम करना मुश्किल हो जाता है। मैं उन्हें उनके प्रोजेक्ट के लिए शुभकामनाएं देता हूं और मुझे पता है कि वह मेरे प्रोजेक्ट का समर्थन करती हैं। 75 वर्षीय फ्लेयर ने सितंबर 2018 में बार्लो से शादी की थी। उन्होंने घोषणा की कि दोनों जनवरी 2022 में कुछ समय के लिए अलग हो गए थे, लेकिन अंततः फिर से साथ आ गए।

## हैरी ब्रूक ने पहला शतक जड़कर रिकॉर्ड्स बुक को हिलाया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक की आक्रामक बल्लेबाजी की पूरी दुनिया दीवानी हो चुकी है। ब्रूक ने मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे में नाबाद शतक जड़कर रिकॉर्ड्स बुक को हिलाकर रख दिया। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने चेस्टर–ली–स्ट्रीट पर खेले गए मुकाबले में केवल 94 गेंदों में 13 चौके और दो छक्के की मदद से नाबाद 110 रन बनाए। यह शतक दो कारणों से हैरी ब्रूक के लिए बेहद खास रहा। सबसे पहले तो उन्होंने अपने वनडे करियर का पहला शतक जमाया। इसके अलावा ब्रूक ने शतक जड़कर एक खास रिकॉर्ड अपने नाम किया। हैरी ब्रूक 50 ओवर प्रारूप में सबसे कम उम्र में शतक जड़ने वाले इंग्लिश कप्तान बन गए हैं। ब्रूक ने 25 साल और 215 दिन की उम्र में अपना पहला वनडे सैकड़ा जमाया। हैरी ब्रूक ने इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एलिस्टर कुक का रिकॉर्ड तोड़ा। कुक ने 2011 में श्रीलंका के खिलाफ शतक जड़ा था। तब उनकी उम्र 26 साल और 190 दिन थी। इस तरह हैरी ब्रूक वनडे क्रिकेट में सबसे कम उम्र में शतक जमाने वाले कप्तान बन गए हैं। बहरहाल, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच के दौरान ब्रूक को विल जैक्स (84) का अच्छा साथ मिला और दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 156 रन की साझेदारी की।

परमार्थ निकेतन में स्वामी चिदानन्द सरस्वती से भेंट करते हुए निशंक।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### बेरोजगार फार्मासिस्टों ने मनाया फार्मासिस्ट दिवस

**संवाददाता** देहरादून। विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर बुधवार को बेरोजगार डिप्लोमा फार्मासिस्ट (एलोपैथिक) संघ की देहरादून इकाई की तरफ से जैन धर्मशाला में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। वहीं दून अस्पताल में मरीजों को फल एवं जूस बांटा। मुख्य अतिथि मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन जैन एवं प्रदेश अध्यक्ष मधु जैन, मंत्री संदीप जैन को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। फार्मासिस्टों के योगदान को सराहा गया। इस दौरान जिला अध्यक्ष इंदू भंडारी, जिला उपाध्यक्ष आशीष पुरोहित, संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुधीर रावत, विनोद पंवार, महीप बुटोला, मनोज चमोली, अनीता आर्य, हरीश सनवाल, आरती सजवाण, आरती पूजा, विकास, शीशपाल, नमिता ममता आदि मौजूद रहे।

### ऑस्ट्रेलियाई महिला से लाखों की धोखाधड़ी में देहरादून में केस

**संवाददाता** देहरादून। ऑस्ट्रेलियाई मूल की महिला ने देहरादून में लाखों रुपये की धोखाधड़ी का केस दर्ज कराया। महिला की एसएसपी कार्यालय में दी गई तहरीर पर रायपुर थाना पुलिस ने नागपुर, महाराष्ट्र निवासी आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। रायपुर थानाध्यक्ष प्रदीप नेगी ने बताया कि क्लेयर एलिजाबेथ डी वेट वर्तमान में हरचावाला, नालापानी, तपोवन रोड, रायपुर में रह रही हैं। उनका आरोप है कि महाराष्ट्र के नागपुर निवासी अविनाश रमेश चाकोले ने उन्हें धोखाधड़ी में फंसा लिया। क्लेयर ने बताया कि 28–29 अक्तूबर 2023 को उनकी मुलाकात एक टैटू स्टोर पर अविनाश चाकोले से हुई। जिसने खुद को अविरय केमिकल प्राइवेट लिमिटेड का मालिक बताया। क्लेयर को आकर्षक निवेश योजनाओं का प्रस्ताव दिया।

### पॉलिथीन हटाओ देश बचाओ के नारे से गूंजा मुनिकीरेती

**संवाददाता** ऋषिकेश। नगर पालिका परिषद मुनिकीरेती ने स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के दसवें दिन बुधवार को प्लास्टिक उन्मूलन रैली निकाली, जिसके जरिए क्षेत्रवासियों को प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करने और क्षेत्र को प्लास्टिक बोतल मुक्त करने को जागरूक किया गया। बुधवार को नगर पालिका मुनिकीरेती के प्रशासक देवेंद्र सिंह नेगी और अधिशासी अधिकारी तनवीर सिंह मारवाह के निर्देश पर जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में महिला पर्यावरण मित्रों की टीम, जयदेव प्रसाद उमादत्त कुड़ियाल सरस्वती बालिका विद्या मंदिर की छात्राएं, सदस्य स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 व कार्यदाई संस्था जेबीबी टेक्नोक्रेट के कर्मियों ने शिरकत की।

# पार्किंग के लिए नहीं ली जाएगी सेंट जोसेफ स्कूल की जमीन

**निर्देश**

■ सीएम की सख्ती के बाद मुख्य सचिव ने बैठक बुलाकर अफसरों को दिए निर्देश

■ स्कूल को परिसर के भीतर ही करना होगा अभिभावकों के वाहनों की पार्किंग का इंतजाम

**संवाददाता**

देहरादून। राजपुर रोड स्थित सेंट जोसेफ स्कूल के फुटबाल ग्राउंड की जमीन का इस्तेमाल पार्किंग काम्प्लेक्स के लिए नहीं होगा। जिला प्रशासन की ओर से फुटबाल ग्राउंड की 100 फुट बाई 300 मीटर जमीन की पार्किंग काम्प्लेक्स के लिए पैमाइश किए जाने पर सीएम पुष्कर सिंह धामी ने नाराजगी जताई। सीएम की सख्ती के बाद मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने बुधवार को बैठक बुला कर स्पष्ट निर्देश जारी किए।

सचिवालय में मुख्य सचिव कार्यालय में बुधवार को हुई बैठक में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, सचिव आवास आर मीनाक्षी सुंदरम, डीएम देहरादून सविन बंसल, एसएसपी अजय सिंह मौजूद रहे। मुख्य सचिव ने स्पष्ट किया कि पार्किंग काम्प्लेक्स के लिए सेंट जोसेफ स्कूल की फुटबाल ग्राउंड की जमीन को नहीं लिया जाएगा। जो भी प्रक्रिया अभी तक हुई है, उसे रोक दिया जाए। स्कूल से जमीन वापस नहीं ली जाएगी।

**रेस्तरां लॉबी को लगा झटका**

फुटबाल ग्राउंड की जमीन का अब पार्किंग काम्प्लेक्स के लिए इस्तेमाल नहीं हो पाएगा। सरकार के इस फैसले से एस्ले हॉल की रेस्तरां लॉबी को बड़ा झटका लगा है। इसी लॉबी की कई साल से स्कूल की इस जमीन पर नजर थी। एक नया रेस्तरां खुलने के बाद प्रशासनिक अफसरों पर दबाव बनाने की मुहिम तेज हो गई थी।

सीएस ने कहा कि स्कूल को विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था स्कूल परिसर के भीतर ही करनी होगी। इसकी व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। ताकि मुख्य सड़क पर आमजन को ट्रैफिक की समस्या का सामना ना करना पड़े। मुख्य सचिव ने आवास विभाग को सेंट जोसफ एकेडमी के लीज नवीनीकरण पर नियमानुसार तेजी के साथ कार्रवाई के भी निर्देश दिए।

फुटबाल ग्राउंड की जमीन न लेने के फैसले पर स्कूल मैनेजमेंट समेत बच्चों ने सीएम पुष्कर सिंह धामी का धन्यवाद, आभार जताया। स्कूल प्रिंसिपल जोसेफ एम जोसेफ ने कहा कि फुटबाल ग्राउंड की जमीन लेने को पैमाइश शुरू होने से समूचा स्कूल, छात्र, अभिभावक बेहद चिंतित हो गए थे। स्कूल के बच्चों के पास खेल का कोई स्थान नहीं रह जाता। जबकि इसी ग्राउंड के कारण स्कूल ने राष्ट्रीय स्तर के कई खिलाड़ी दिए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया मूवमेंट के तहत खेलो इंडिया को बढ़ावा दिया जा रहा है। बच्चों की इस चिंता का सीएम पुष्कर सिंह धामी की ओर से गंभीरता से संज्ञान लिया गया। सीएम धामी के प्रयासों से ही शासन के पार्किंग के लिए स्कूल ग्राउंड की जमीन वापस लेने का फैसला लिया गया। इसके लिए स्कूल प्रबंधन सीएम धामी का आभार जताता है।

जिस फुटबाल ग्राउंड की जमीन पर पार्किंग काम्प्लेक्स बनाने की तैयारी थी, उस ग्राउंड में मौजूदा सीडीएस अनिल चौहान स्कूली दिनों में फुटबाल खेल चुके हैं। पूर्व विदेश सचिव नवतेज सरना समेत सेना के बड़ी संख्या में लेफ्टिनेंट जनरल, मेजर जनरल, ब्रिगेडियर, आईएएस, आईपीएस समेत तमाम दिग्गज इस स्कूल का हिस्सा रह चुके हैं।

### शैक्षिक भ्रमण के लिए हर ब्लॉक से चुने जाएंगे दो–दो प्रतिभावान छात्र

**संवाददाता** देहरादून। विद्यालयी शिक्षा विभाग के तहत संचालित भारत दर्शन शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम के लिए प्रत्येक ब्लॉक से दो–दो प्रतिभावान छात्र–छात्राओं का चयन किया जाएगा। इसके लिए राज्य सरकार ने 50 लाख रुपये की धनराशि अवमुक्त करने को मंजूरी दे दी है। शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम के तहत छात्र–छात्राएं देशभर के विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण करेंगे। विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि शिक्षा व्यवस्था में गुणात्मक सुधार के लिए राज्य सरकार ने कई कदम उठाए हैं। जिसमें भारत दर्शन शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम भी शामिल है। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का मकसद छात्र–छात्राओं को देश की विविधता, इतिहास, आधुनिक शिक्षा प्रणाली, व्यावहारिक शिक्षण का अनुभव और शिक्षा के प्रति समग्र दृष्टिकोण विकसित करना है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत कुल 190 प्रतिभावान छात्र–छात्राओं को देश के विभिन्न राज्यों में शैक्षिक भ्रमण पर भेजा जाएगा। इसके लिए ब्लॉकवार हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के टॉपर दो–दो छात्र–छात्राओं का चयन किया जाएगा।

# अब कैमरों की नजर में रहेगी पल्टन बाजार की प्रत्येक गतिविधि

**स्वीकृति**

■ जिलाधिकारी ने अन्टाईड फंड से धनराशि जारी करने की दी स्वीकृति

**संवाददाता**



देहरादून। जिलाधिकारी सविन बंसल ने जनमानस एवं व्यापारियों की सुरक्षा के दृष्टिगत व्यापारियों की लम्बे समय से पल्टन बाजार में सीसीटीवी कैमरे लगाने की आ रही मांग पर जिलाधिकारी ने त्वरित स्वीकृति प्रदान करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से दूरभाष पर वार्ता कर प्रस्ताव प्रस्तुत करने को कहा तथा अन्टाईड फंड से धनराशि प्रदान किये जाने की स्वीकृति दी।

जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के मोटरसाईकिल से शहर भ्रमण कार्यक्रम के दौरान पल्टन बाजार का भी निरीक्षण किया गया था, तथा सीएनआई चौक के पास पिंक बूथ स्थापित करने के निर्देश पुलिस अधीक्षक नगर को दिए गए थे, जिसके लिए जिलाधिकारी ने लगभग 1.37 लाख की धनराशि स्वीकृत पूर्व में ही कर दी गई है। अब पिंक बूथ के बाद सीसीटीवी से लैस हो जाएगा पल्टन बाजार।

बुधवार को पल्टन बाजार व्यापारिक संगठनों ने जिलाधिकारी से मुलाकार कर उनकी कई वर्षो से पल्टन बाजार में सुरक्षा के दृष्टिगत बाजार में सीसीटीवी कैमरे लगाने की चली आ रही मांग पर जिलाधिकारी द्वारा तत्काल स्वीकृति दिए जाने तथा जनमानस की सुरक्षा एवं जनहित से जुड़े संवेदनशील मामलों पर त्वरित एक्शन लेने की कार्यप्रवृत्ति को व्यापारियों ने सराहा तथा जिलाधिकारी का धन्यवाद ज्ञापित किया। ज्ञातव्य है कि व्यापारियों की विगत कई वर्षो से पल्टन बाजार में सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग थी जिसके लिए वे स्मार्ट सिटी से लेकर कई स्तरों पर अनुरोध कर चुके थे, किन्तु इस पर किन्ही कारणों से निर्णय नही हो पाया था, जिलाधिकारी के सम्मुख उन्होंने अनुरोध किया जिस पर जिलाधिकारी ने मौके पर स्वीकृति देते हुए पुलिस विभाग को प्रस्ताव प्रस्तुत करने को कहा तथा अन्टाईड फंड से धनराशि स्वीकृति प्रदान करने की सहमति दी।

### नियमितीकरण को ऊर्जा के उपनल कर्मियों ने शुरू किया आंदोलन

**संवाददाता** देहरादून। ऊर्जा के तीनों निगमों के उपनल कर्मचारियों ने नियमितीकरण की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। बुधवार को प्रदेश भर में उपनल कर्मचारियों ने काली पट्टी बांध विरोध जताया। हाईकोर्ट के समान काम के समान वेतन को लागू किए जाने की मांग की। देहरादून में ऊर्जा के तीनों निगम मुख्यालय समेत हर जिले में उपनल कर्मचारियों ने विरोध जताया। मैनेजमेंट, शासन के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध जताया। विद्युत संविदा एकता मंच के संयोजक विनोद कवि ने कहा कि शासन स्तर पर संविदा कर्मचारी नियमितीकरण नियमावली तैयार की जा रही है। इस नियमावली में सबसे पहले उपनल कर्मचारियों को समायोजित किए जाने की व्यवस्था की जाए। जब तक इस नियमावली में उपनल कर्मचारियों को शामिल नहीं किया जाता, आंदोलन जारी रहेगा।

In a Digital World Why
To wait for a Howker
Visit Us at https://www.page3news.co.
Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+

Scan This Code
Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के. प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।